## पुलिस-प्रशासन दोषियों के खिलाफ नहीं कर रहे कार्रवाई

# तुष्टीकरण की सीमा को पार कर रही राज्य सरकार : प्रदीप वर्मा

### लव जिहाद, धर्मांतरण से आदिवासी समाज की धर्म संस्कृति को खतरा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने शनिवार को राज्य में बढ़ते लव जिहाद, धर्मांतरण और गो तस्करी के मामलों में राज्य सरकार पर हमला बोला। श्री वर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान सरकार वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने में लगी है। जब से प्रदेश में गैर भाजपा की सरकार बनी है पूरे प्रदेश में आंतरिक विधि व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने हाल में ही पाकुड़ जिले में धर्मांतरण की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकुड़ जिला में एक समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा पहाड़िया बेटियों, पुरुषों को जबरन धर्मांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों पहाड़िया बेटी रुबिका की हत्या हो गयी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सायनारा खातून नाम की महिला ने रिनॉय पहाड़िया के साथ योजनाबद्ध तरीके से दोस्ती की और पहाड़िया रीति से शादी का प्रस्ताव दिया। शादी की स्वीकृति के बाद सायनारा खातून ने उसपर धर्मांतरण का दबाव डाला। विभिन्न जगहों पर इसकी शिकायत के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि धर्मांतरण कराने वाले तत्वों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। श्री वर्मा ने कहा कि आदिवासी की पहचान अस्तित्व उनके धर्म और संस्कृति से जुड़ा है, लेकिन आज राज्य में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर कानून के होते हुए भी राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है। आज संथाल के साहेबगंज, पाकुड़ आदि जिलों की स्थिति भयावह है। समुदाय विशेष के लोगों द्वारा दूसरी, तीसरी पत्नी बनाकर आदिवासी लड़कियों की जमीन हड़प कर उनकी हत्या की जा रही है।

### कड़े कानून होने पर भी गो तस्करों पर कार्रवाई नहीं

गो तस्करों के बढ़ते मनोबल पर वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से राज्य की सीमा सटे होने के कारण संथाल परगना गो तस्करी का कॉरिडोर बन गया है। गो तस्करों को हेमंत सरकार का संरक्षण प्राप्त है। गो तस्करी की कमाई में राज्य के सत्ताधारियों की हिस्सेदारी है। सत्ताधारी गो तस्करी में शामिल भी हैं। उन्होंने कहा कि गो तस्करों द्वारा दरोगा संध्या टोपनो की ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई। मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे सांसद पर ही मुकदमा करा दे रहे।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सांसद निशिकांत दुबे ने मोहनपुर थाना में अफरोज और मुस्ताक को पकड़कर सुपुर्द किया लेकिन गो तस्करों पर कारवाई सुनिश्चित करने के बजाये पुलिस ने दोनों आरोपियों को भागते हुए दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर उल्टा सांसद दुबे पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। श्री वर्मा ने कहा कि ये सारे साक्ष्य बताते हैं कि राज्य सरकार कैसे गो तस्करों का संरक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी ने संथाल परगना में पत्थर,खनिज की तस्करी की तरह गो तस्करी के मामले को भी संज्ञान में लिया है। हजारों करोड़ के उजागर भ्रष्टाचार की तरह ही गो तस्करी से संबंधित बड़े मामले भी उजागर होंगे। उन्होंने ईडी से पोड़ैयाहाट, सरैयाहाट, पाकुड़, दुमका के गो तस्करी मामलों के साथ मोहनपुर थाना में दर्ज मामले को भी संज्ञान में लेकर जांच करने की मांग की। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह,सह मीडिया प्रभारी तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

### योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज मांगा

## इडी ने रांची जेल के जेलर प्रमोद कुमार को बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ईडी ने रांची जेल के जेलर प्रमोद कुमार को पूछताछ के लिए समन जारी किया है और दो जनवरी को क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल, मामला शराब घोटाले में गिरफ्तार कारोबारी योगेंद्र तिवारी से जुड़ा हुआ है। वहीं रांची के एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादक को जेल से धमकी दी गई थी। जिसके बाद अखबार प्रबंधन ने मामले की लिखित शिकायत वरीय पुलिस अदाधिकारियों से की थी और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया था। जांच के क्रम में यह बात सामने आई है कि धमकी भरे कॉल रांची के जेल से आए थे और इसमें जेलर की भूमिका संदिग्ध है।

**शराब घोटाला मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को किया था गिरफ्तार :** जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी कि अखबार के संपादक को जेल में बंद योगेंद्र तिवारी ने धमकी दी है। शराब घोटाला मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से ही वह रांची जेल में बंद है।



### ईडी की टीम सीसीटीवी फुटेज की करेगी जांच

जेलर को समन जारी करने के साथ साथ ईडी ने योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है। सीसीटीवी फुटेज की जांच ईडी की टीम करेगी, ताकि यह पता चल सके की योगेंद्र तिवारी के सेल में उससे कौन-कौन मिलने गया था।

### अक्टूबर में योगेंद्र तिवारी को किया गया था गिरफ्तार

गौरतलब हो कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर ईडी ने अगस्त 2023 में छापेमारी की थी। जांच के क्रम में योगेंद्र तिवारी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपित पाया गया था। जिसके बाद ईडी ने उसे अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार कर लिया था। तब से योगेंद्र तिवारी सलाखों के पीछे है और ईडी मामले की जांच कर रही है।

### ओबीसी छात्र नौजवानों में भारी असंतोष : मोर्चा

**रांची।** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर जश्न मना रही है। वहीं, ओबीसी समुदाय के हक अधिकार में कटौती होने से ओबीसी छात्र नौजवानो में भारी असंतोष और आक्रोश है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 ओबीसी समुदाय के लिए निराशाजनक रहा। उम्मीद थी इस वर्ष ओबीसी का हक अधिकार प्राप्त होंगे लेकिन उम्मीदें अधूरी ही रह गयी। सरकार ओबीसी समुदाय के प्रति इतना उदासीन है कि अभी तक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति तक नहीं की है। फिर भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आशा करता है कि आगामी वर्ष 2024 में सरकार, जातीय सर्वेक्षण, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने एवं ट्रिपल टेस्ट करायेगी। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी, अध्यक्ष और मंत्रियों से मांग की है कि यदि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जातीय जनगणना कराने और जनसंख्या अनुपात में भागीदारी देने के हिमायती है तो झारखंड में इसे लागू क्यों नहीं करा रहे हैं। गठबंधन की सरकार शीघ्र ओबीसी समाज के समस्याओं का समाधान करने का काम करे।

## 266.70 करोड़ में मेदिनीनगर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना पर होगा काम

### डोर टू डोर कचरा उठाव के बाद उसे प्रोसेसिंग प्लांट में लाया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मेदिनीनगर, पलामू में 266.70 करोड़ की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना पर काम होगा। राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी है। नगर विकास विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। पीपीपी मोड पर इस योजना का क्रियान्वयन होगा। इस योजना के तहत मेदिनीनगर शहर में ठोस अपशिष्ट का आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि से व्यवस्था करते हुए पूर्ण स्वच्छता पर ध्यान रखा जायेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए मेदिननीगर में 5.47 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट तथा सांइटीफिक लैंडफिल का निर्माण किया जायेगा। चयनित एजेंसी वाटर प्रोसेसिंग सुविधा, ट्रांसफर स्टेशन, मैटेरियल रिकवरी सुविधा, प्राइमरी कलेक्शन स्टोरेज सहित अन्य सुविधा उपलब्ध करायेगी। डोर टू डोर कचरा उठाव के बाद उसे प्रोसेसिंग प्लांट में लाया जायेगा। अगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर योजना बनी है। इसे 2025-26 तक पूरा करा दिया जायेगा। जल्द ही जुडको टेंडर जारी कर संवेदक का चयन कर काम प्रारंभ करायेगा।

## पीएमएवाइ-शहरी में जुडको ने 32 में सिर्फ 4 प्रोजेक्ट किये पूरे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य के 32 बड़े प्रोजेक्ट जुडको को दिये गये हैं। जुडको इन प्रोजेक्ट्स के लिए एजेंसियों का चयन कर आवास निर्माण का काम कर रही है। सभी प्रोजेक्ट को 2020 से 2023 के बीच पूरा करना था, लेकिन टेंडर और अन्य प्रक्रियाओं में देर होने के कारण सिर्फ 4 प्रोजेक्ट ही पूरे हो सके। शेष बचे हुए सभी प्रोजेक्ट्स को एक से दो साल का एक्सटेंशन दिया गया। हालांकि एक्सटेंशन मिलने के बाद भी इन प्रोजेक्ट्स का समय पर पूरा होने की उम्मीद न के बराबर दिख रही है। सूत्रों के अनुसार जिन प्रोजेक्ट्स को 2024 में पूरा करना है, उनमें से अधिकांश प्रोजेक्ट के काम 20% भी नहीं हुए हैं।

**बिरसानगर प्रोजेक्ट की रफ्तार काफी धीमी :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिरसानगर पैकेज 5बी का काम सबसे धीमा है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का डेडलाइन 16 जनवरी 2022 था। बाद में डेट बढ़ाकर 04 जुलाई 2023 किया गया, लेकिन अबतक सिर्फ 7 फीसदी काम ही हुआ है। इसके अलावा जमशेदपुर बिरसानगर पैकेज-10 ए का काम 20 दिसंबर 2022 तक पूरा करना था। डेट एक्सटेंड कर 30 सितंबर 2024 किया गया, लेकिन अबतक सिर्फ 9 फीसदी काम ही हुआ है। खूंटी पीएमएवाई प्रोजेक्ट को 8 सितंबर 2023 तक कंप्लीट करना था, लेकिन अबतक सिर्फ 10 फीसदी काम ही हुआ है। इसी तरह धनबाद, साहिबगंज, देवघर और रांची में पीएमएवाई के प्रोजेक्ट्स की रफ्तार काफी धीमी है।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दो जनवरी को आयेंगे रांची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं नवनियुक्त झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में 2 जनवरी 2024 को रांची आयेंगे। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी संगम गार्डेन, मोरहाबादी, रांची में प्रभारी गुलाम अहमद मीर का अभिनंदन समारोह आयोजित करेगा। इसके बाद शाम 5:30 से 7:00 बजे तक झारखण्ड प्रभारी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन, रांची में बैठक करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने दी। वहीं 3 जनवरी को कांग्रेस भवन रांची में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे।

## प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी को बधाई दी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं नवनियुक्त झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में जाकर मुलाकात की तथा बुके एवं शॉल देकर स्वागत करते हुए नववर्ष की बधाई भी दी। इसके उपरांत राज्य के संगठन और झारखंड की राजनीति पर चर्चा की। इस दौरान प्रभारी ने कहा कि बहुत ही जल्द मेरा झारखंड दौरा होगा। राज्य के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों से विस्तार पूर्वक संगठन के मामले में विचार-विमर्श करूंगा।



## छह जिलों में 17 थाने बनेंगे

### गृह विभाग ने आवंटित की राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत झारखंड के छह जिलों में 17 थानों का निर्माण होगा। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि आवंटित कर दी है। 40.48 करोड़ से रांची में छह, पलामू में दो, गोड्डा में पांच, जामताड़ा में एक, पाकुड में दो और साहेबगंज में एक थाना का निर्माण होगा। रांची में बुंडू और बरियातू थाना को स्मार्ट थाना बनाया जायेगा।

| | |
|---|---|
| रांची में खलारी थाना : 1.65 करोड़ | गोड्डा में देओदाड थाना : 3.79 करोड़ |
| रांची में धुर्वा थाना : 1.63 करोड़ | गोड्डा में हनवारा थाना : 3 करोड़ |
| रांची में एयरपोर्ट थाना : 1.57 करोड़ | पलामू में पाटन थाना : 2.65 करोड़ |
| रांची में नगड़ी थाना : 1.63 करोड़ | पलामू में विश्रामपुर थाना : 2.66 करोड़ |
| रांची में बुंडू स्मार्ट थाना : 2.94 करोड़ | जामताड़ा में बागदाहरी थाना : 1.65 करोड़ |
| रांची में बरियातू स्मार्ट थाना : 2.94 करोड़ | पाकुड में महिला थाना : 1.55 करोड़ |
| गोड्डा में बेलबड्डा थाना : 3 करोड़ | पाकुड में हिरणपुर थाना : 1.66 करोड़. |
| गोड्डा में राजाभीटा थाना : 3 करोड़ | साहिबगंज में बोरियो थाना : 1.65 करोड़ |
| गोड्डा में पथरगामा थाना : 3.51 करोड़ | थाना निर्माण में कुल व्यय : 40.48 करोड़ |

## संगठित अपराधों व नक्सलवाद के खिलाफ नये साल में भी जारी रहेगी कार्रवाई : डीजीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि नये साल (2024) में भी संगठित अपराधों और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। कहा कि नक्सलवाद और संगठित अपराधों के खिलाफ साल 2023 में झारखंड पुलिस को काफी सफलता मिली है। इस दौरान जहां कई बड़े नक्सली गिरफ्तार किये गये। वहीं कई ने झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। दूसरी ओर संगठित अपराध से जुड़े कई बड़े अपराधियों को पुलिस ने जेल भेजा। डीजीपी ने बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह के कुल 248 अपराधियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा। आगे भी अपराधियों के खिलाफ सीसीए और जिला बदर करने की कार्रवाई जारी रहेगी।

**साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को दी जा रही विशेष ट्रेनिंग :** डीजीपी अजय कुमार ने बताया कि साल 2023 में साइबर अपराध के खिलाफ झारखंड पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, जो कारगर साबित होगी। इस साल 834 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। साथ ही बैंक अकाउंट में पांच करोड़ रुपये फ्रीज कराया गया।

**आम लोगों की शिकायत नहीं सुनी जा रही तो वरीय अधिकारी को दें सूचना :** डीजीपी ने कहा अगर किसी थाने में आम जनता की समस्या नहीं सुनी जाती है, तो ऐसे में पीड़ित तुरंत वरीय अधिकारी को इसकी सूचना दें. उन्होंने कहा कि शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा जिन थाना के पुलिस पदाधिकारी आम लोगों की समस्याओं को नहीं सुनते हैं, उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## झाप्रसे के 10 अधिकारी बने आइएएस, अधिसूचना जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से 10 आईएएस बन गए हैं। झारखंड कैडर के इन अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल करने की भारत सरकार ने मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दिया है। राज्य सरकार को भी केंद्र की ओर से इसकी जानकारी दे दी गई है। इन अधिकारियों की हाल में यूपीएससी बोर्ड की बैठक में आईएएस बनाने की सहमति दी गई थी। अब इन अधिकारियों की कार्मिक विभाग आईएएस के पद पर पदस्थापित करेगा।

**ये बने आईएएस :** झारखंड प्रशासनिक सेवा के जिन अधिकारियों को आईएएस में प्रोन्नति दी गयी है, उनमें विधान चंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार 1, सुनील कुमार 2, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार,रंजीत कुमार लाल, मनोज कुमार रंजन शामिल हैं।

### अलकतरा घोटाला से संबंधित 1.08 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग मामला

### कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक 67 वर्षीय महेश मेहता के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। महेश मेहता की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है, जिस पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित किया है। बता दें कि बीते 21 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश पी के शर्मा की कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज किया था।दरअसल, कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को 30 किमी लंबी परवा-गढ़वा रोड चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम मिला था। आरोप लगा कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ 8 लाख का फर्जी बिल डिपार्टमेंट में जमा किया गया। मामले की पहले सीबीआई जांच कर रही थी, बाद में ईडी ने इसे अपने हाथों में लिया।

## नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से मिले शशि भूषण राय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने पार्टी महासचिव एवं झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे साहब एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। जिन्होंने एक जमीनी कार्यकर्ताओं को पार्टी महासचिव बनाकर झारखंड जैसे महत्वपूर्ण राज्य का प्रभारी नियुक्त किया है।

श्री राय ने कहा है कि राज्य के सभी कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि मीर साहब के मार्गदर्शन में पार्टी आगामी चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। श्री राय ने जनाब गुलाम अहमद मीर से आग्रह किया वे जल्द झारखंड आए और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करें अपना मार्गदर्शन दें। प्रदेश प्रभारी ने सारे सुझावों को गंभीरता से लेते हुए विश्वास दिलाया कि वह जल्द ही झारखंड दौरा करेंगे एवं पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे।

# झारखंड कांग्रेस कमेटी को खट्टा-मीठा अनुभव देकर विदा ले रहा है वर्ष 2023

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के लिए वर्ष 2023 खट्टा-मीठा अनुभव देकर विदाई ले रहा है। नव वर्ष 2024 में प्रदेश कांग्रेस को लोकसभा और विधानसभा चुनाव की चुनौतियों का भी सामना करना है। इसको लेकर झारखंड कांग्रेस के नेता मौजूदा साल का हिसाब लगाने में जुटे हैं। वहीं वर्ष 2024 उनके उम्मीदों पर कितना खड़ा उतरेगा, इसका भी आकलन कर रहे हैं। वहीं 2023 के अंत में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे की जगह नये प्रभारी के रूप में गुलाम अहमद मीर के मनोनयन से नयी उम्मीद के साथ संगठन में बदलाव के भी संकेत मिल रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस नेताओं की मानें तो साल 2023 का मिला-जुला असर रहा। प्रदेश कांग्रेस के लिए यह वर्ष गुटबाजी और आरोप-प्रत्यारोप के लिए भी याद रखा जाएगा। कांग्रेस को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले प्रदेश महासचिव आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, सचिव साधु शरण यादव और लाल किशोर नाथ शाहदेव को छह साल के लिए निलंबित किया गया। वहीं रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और पार्टी सत्ता में होने के बाद भी अपनी सीट नहीं बचा पायी।




### हाथ से हाथ जोड़ो और आ अब लौट चलें कार्यक्रम

इस साल उन कांग्रेस नेताओं की वापसी के लिए 'आब अब लौट चले' कार्यक्रम चलाया गया, जिन्होंने किसी कारण से पार्टी छोड़ दी थी, जबकि 'हाथ से हाथ जोड़ो' कार्यक्रम भी चलाया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव और हजारीबाग के कद्दावर नेता मुन्ना सिंह की पार्टी में घर वापसी हुई।

### पार्टी पदाधिकारियों को बोर्ड निगम में मिली जगह

साल 2023 प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के लिए भी यादगार रहेगा। इस वर्ष प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संगठन से जुड़े नेताओं को महागठबंधन की सरकार में हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग, कृषि विपणन बोर्ड, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, युवा आयोग में पार्टी पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जगह मिली। वहीं 15 सूत्री और 20 सूत्री में पार्टी नेताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व भी मिला।

### लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव जीतना लक्ष्य

साल 2024 झारखंड कांग्रेस के लिए बेहद अहम है। इस साल लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ पार्टी पर विधानसभा चुनाव 2024 में अपना प्रदर्शन बेहतर करने और महागठबंधन को फिर से सत्ता में लाने का दबाव है।

### बूथ से लेकर जिला कमेटी का गठन



वर्ष 2023 झारखंड कांग्रेस के लिए इस मायने में संतोषजनक भी रहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में राज्य में साल भर का संगठन सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाया गया। जब राज्य में राजनीतिक मामलों की समिति और अनुशासन समिति का गठन किया गया, तो कई विभागों के पार्टी पदाधिकारियों के रिक्त पद भरे गए। वहीं, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के नेताओं में नेतृत्व विकास के लिए एलडीएम कार्यक्रम को एक मिशन के रूप में चलाया गया।

### बेरोजगारी-महंगाई पर आक्रामक

सत्ता में आने के बावजूद कांग्रेस पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और अडानी मुद्दे पर काफी मुखर रही। महंगाई के मुद्दे पर एसबीआई, एलआईसी दफ्तर और राजभवन पर प्रदर्शन कर जनता की आवाज बुलंद की। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया गया। 2023 खत्म होने से ठीक पहले प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को भी बदल दिया गया। गुलाम अहमद मीर को राज्य का नया कांग्रेस प्रभारी बनाया गया है।

## स्पीड न्यूज

### महिला ने जेएसएलपीएस के कर्मियों पर घूस मांगने का लगाया आरोप

**कटकमसांडी।** जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला ग्रुप की एक सक्रिय सदस्य खुशबू अग्रवाल व बीपीओ एफआई सुधीर कुमार गुप्ता पर तीस हजार रुपये घूस मांगे जाने को लेकर पीड़िता महिला चमेली देवी ने जेएसपीएलएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र मे कटकमसांडी चट्टी निवासी पीड़िता चमेली देवी पति स्व. राजेश भुईयां द्वारा कहा गया है कि गत 07 मार्च 2022 को मेरे पति की मृत्यु के बाद एसबीआई कटकमसांडी शाखा से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख की क्लेम राशि बतौर मुआवजा गत 11 अगस्त 2022 को प्राप्त हुआ। राशि मिलने के बाद जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला ग्रुप के सक्रिय सदस्य खुशबू अग्रवाल व बीपीओ एफआई सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा उच्च पदाधिकारी को घूस देने के नाम पर बार बार तीस हजार रुपए की जबरन मांग की जा रही है। घूस की राशि नही देने पर प्राप्त राशि को वापस कराने की भी धमकी दी जा रही है। पत्र में उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बाते कही गई है।

### दो तल्ला पंचायत में कंबल वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने शनिवार को ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने अपने पंचायत प्रतिनिधि वार्ड सदस्यों के साथ पंचायत में डोर टू डोर जाकर जरूरतमंदों, असहाय एवं चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्ग को कंबल उपलब्ध कराया। मुखिया सत्यवती देवी ने कहा की जिस तरह से पंचायत के किसी भी नागरिक को भूखा नही रहने दिया गया है। उसी प्रकार ठंड में भी किसी ग्रामीण को मुश्किलों का सामना नहीं करना होगा। ठंड से बचने के लिए समुचित गर्म कपड़ों की व्यवस्था की गई है। और आवश्यकता पड़ी तो आगे भी बचाव के सभी कार्य किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य रेणुका देवी, बीना देवी, दया मुनि मुर्मू, पुष्पा सिन्हा, जल सहिया छूवी देवी का सहयोग किया सराहनीय रहा।

### कुजू में सिलेंडर का वितरण

**कुजू।** कुजू दक्षिणी एवं कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम पर्यवेक्षक अमर प्रभात व संचालन भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व कुजू पश्चिमी में मुखिया जयकुमार ओझा ने किया। इस दौरान उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा ग्रामीणों के बीच 2024 का कैलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन मे भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर उमेश चन्द्र पटेल, श्रवण सिह, सूरज महतो रवि साहू, राजेश प्रसाद साहू, सरिता सहाय, मीना देवी, संतोष प्रसाद मेहता, रमेश चौधरी, सुषमा केशरी, अनिल अग्रवाल, सुनीता देवी, मनोज केशरी, जयराम प्रजापति, पंचीत महतो आदि मौजूद थे।

### लिंग हिंसा के खिलाफ अभियान

**मांडू।** थाना परिसर में शनिवार को झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रोभोशन सोसाइटी जिला मिशन प्रवर्धन इकाई रामगढ़ के द्वारा मांडू प्रखंड के मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार के उपस्थिति में प्रखंड के सभी पंचायत से जेडर सीआरपी तथा सभी सीआईएफ के ओ बी मेंबर द्वारा इस वर्ष पुणः चलाएं गए जेंडर केम्पेन के अभियान के तहत सैकड़ो महिलाओं ने शपथ लिया की सहेंगे नहीं कहेंगे हिंसा के खिलाफ छुपी तोड़ेंगे हम भारत के नारी हैं फूल नहीं चिंगारी है ज्ञान का दीपक जलाएंगे बाल विवाह लिंग हिंसा के विरुद्ध हत्या को रोक कर दिखाएंगे बड़की चुम्मा पंचायत के पूजा कुमारी की अध्यक्षता में शपथ ली गई अभियान में आरती देवी,संध्या देवी,ललिता देवी,गीता देवी,प्रीति देवी, सुषमा कुमारी, गायत्री कुमारी, मीना कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, सरस्वती देवी,सरिता देवी,मीना गुप्ता,कुंती देवी,कंचन देवी, आशा कुमारी,जुली कुमारी,सुषमा देवी,शीला देवी,उषा देवी,प्रीति गुप्ता किरण देवी,सहित सैकड़ो महिलाओं साथ में मांडू थाना के दिनेश कुमार सिंह,दिलीप कुमार, कोमल कुमार उपस्थित थे।

### पूर्व मुखिया के पिता का निधन

**भुरकुंडा ।** सयाल उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव के पिता भागवत यादव के आकस्मिक निधन पर शनिवार को दो तल्ला पंचायत में शोक सभा का आयोजन किया गया। पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी की अध्यक्षता में पंचायत सचिवालय में विशेष शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि दी गई। कहा गया की पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव के पिता और वर्तमान मुखिया के ससुर दिवंगत भागवत यादव का पूरा जीवन समाज के लिय समर्पित था। मौके पर पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता लव कुमार महतो,पंचायत सचिव सागर कुमार, वार्ड सदस्य दया मुनि मुर्मू, रेणुका देवी, पुष्पा सिन्हा, बीना देवी, रंजू सिंह, मंजू देवी, छूवि देवी, इशरत जहां, प्रेमी सलोनी तिर्की, राधा देवी, हमीदा खातून, साजिया परवीन, सरिता देवी, सोनिया देवी, हीरामणि उरां,व प्रेम कुमार, मोनू झा, रोशन कुमार, सचिन कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों उपस्थित थे।

### दोतल्ला पंचायत में हुआ ग्रामसभा

**भुरकुंडा।** रिवर साइड दोतल्ला पंचायत सचिवालय में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने किया । कार्यक्रम के तहत विशेष ग्रामसभा किया गया। इसमें एलएसडीजी अंतर्गत कुल 9 थीम से एक थीम ₹ गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव ₹ का चयन सर्व सहमति से किया गया । थीम के सफल संचालन के लिए आठ सदस्यीय पंचायत सहजकर्ता दल का चयन किया गया। जिसमे पंचायत सचिव सागर कुमार, पंचायत स्वयं सेवक सहेन्ता कुमारी जेएसपीएलएस की दया मुनि मुर्मू वार्ड सदस्य बीना देवी एवं रेणुका देवी का चयन किया गया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 – 25 में उक्त थीम पर कार्य कर पंचायत के सभी वैसे निर्धन परिवार के सदस्यों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। जिससे पंचायत निवासी रोजगार प्राप्त करने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन ना करें। ग्राम पंचायत में गठित सहज कर्ता दल के सदस्य समस्त ग्राम पंचायत में सर्वे कर कार्य करने हेतु ग्रामीणों को सूचीबद्ध करेगा।

## सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, कहा

# इस साल 150 से अधिक गरीब परिवारों को दिया नमो श्राद्ध किट

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को निमंत्रण पैलेस सभागार में प्रति वर्ष की भांति विधायक कार्यकाल की 9 वर्ष पूरे होने और दूसरे कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सेवा वर्ष-2023 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने सेवा पुस्तिका -2023 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी जनता तक पहुंचाने की सकारात्मक पहल की। उन्होंने कहा कि जनकल्याणार्थ कई योजनाओं की शुरूआत की। जरूरतमंद परिवारों के लिए परिवार के किसी सदस्य की आकास्मिक निधन पर उनके सहयोग हेतु नमो श्राद्ध किट वितरण की शुरूआत की। इस साल करीब 150 से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक नमो श्राद्ध किट पहुंचाया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सहयोग का सकारात्मक प्रयास किया। स्वच्छ हजारिबाग, समृद्ध हजारीबाग अभियान की शुरूआत की। हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों की गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बहन- बेटियों को उनके शादी जैसे स्मरणीय अवसरों में उनके अरमानों की पूर्ति के लिए आकर्षक लहंगा भेंट करने की पुरानी योजना को यथावत सुचारू रखते हुए करीब 3 हजार से अधिक आकर्षक लहंगा भेंट कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। हजारीबाग और आसपास के जरूरतमंद परिवार के शव परिवहन में कठिनाई को देखते हुए अपने विधायक निधि से एक विशेष शव वाहन मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सुपूर्द किया। कई शिवालयों में रुद्राभिषेक कराकर धर्म जागरण का पहल किया। क्षेत्र के दर्जनों मंदिरों के कलायकल्प और जीर्णोद्धार में सहयोग पहुंचाया। नमो खेल श्रृंखला के माध्यम से क्षेत्र में किया खेल जागरण और खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। 25 निर्धन परिवार की बेटियों का सामूहिक विवाह कराकर आर्थिक सहयोग किया। रामनवमी- 2023 में राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए कई प्रकार की पाबंदी को लेकर झारखंड विधानसभा के पटल पर कुर्ता फाड़कर जो विरोध विधायक मनीष जायसवाल द्वारा किया गया। हजारीबाग में लंबी दूरी की रेल की मांग को लेकर काफी मशक्कत की जिसमे उन्हें सफलता भी मिली। वेल्स क्रिकेट मैदान की बदली तस्वीर, स्टेट लेवल के मैच की शुरूवात कराई। विभागों की कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर मुखर दिखे। पुलिसिया जुर्म की बात हो या प्रखंड और अंचल कार्यालय में धांधली इन कुव्यवस्थाओं के खिलाफ लगातार आंदोलनरत रहें। इस कार्यक्रम में उनके साथ सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेवा पुस्तिका- 2023 का किया लोकार्पण



### झारखंड में अव्वल बने हजारीबाग : जायसवाल

विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा और विकास आगे भी उनकी प्राथमिकता रहेगी लेकिन मानवीय संवेदना से जुड़े हरेक मुद्दे पर बतौर हजारीबाग का बेटा और भाई बनकर गंभीरता से कार्य करेंगे। जब भी जनता को जरूरत पड़ेगी मनीष जायसवाल किसी नेता के रूप में नहीं बल्कि एक बेटा और भाई बनकर जनता के बीच मौजूद रहेगा और जन समस्याओं के निराकरण के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत करेगा। हमारा लक्ष्य हजारीबाग की जनता के चेहरे पर मुस्कान के साथ उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और विकास की दिशा में हजारीबाग को पूरे झारखंड में अव्वल बनाना है।

# राम मंदिर के लिए कलश यात्रा और अक्षत का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देशभर में कलश यात्रा एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के ज़िला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बजरंग दल के प्रदीप चन्द्रवंशी, भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत अक्षत कलशों की पूजा अर्चना की गई।जिसमे कलशों को ढोल-नगाड़ों के साथ गाँव के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। यात्रा के दौरान रामभक्तों ने श्रीराम के जयकारे लगाए और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। यात्रा के समापन पर अक्षत कलशों को विभिन्न मंदिरों और घरों में वितरित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पंचायत मंत्री सुधांसु सिंह, बजरंग दल संयोजक संदीप सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अध्यक्ष शशि सिंह, अरविंद विक्की, गौ रक्षा प्रमुख संदीप सिंह, संगम, अमन, विशाल, उज्ज्वल, हर्स, गोलू, परवीन, तृवेणी, अमित, शशि, गौरव, मिथुन, मंटू, मोहन रवानी,के अलावा मातृ शक्ति प्रमुख कविता देवी तथा दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनिता देवी और उनकी मातृ सेना, कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण एक इतिहास लिखने जा रहा है। इस मंदिर के निर्माण में देशभर के करोड़ों लोगों का योगदान है।

इस अवसर पर सभी रामभक्तों को अपने अपने मंदिरों में पूजा कर इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनना चाहिए। गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण हमारे लिए एक सपना था। यह सपना अब साकार होने जा रहा है।इस आयोजन में सभी रामभक्तों को पूजा पाठ कर दीपावली मनाना चाहिए। प्रदीप चन्द्रवंशी ने कहा कि हमारे सपने का साकार होने का समय आ गया है।

### झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर : जेपी पटेल



**कुजू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूरे 4 साल होने पर भाजपा ने आरोप पत्र जारी किया। मांडू विधायक सह भाजपा उपाध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के 10 वर्ष के शासनकाल झारखंड वासियों से छुपा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में पूर्व सीएम रघुवर दास के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने झारखंड वासियों को डबल सौगात देने का कार्य किया था। साथ ही विकास के साथ एक नई कीर्तिमान स्थापित किया। वही, हेमंत सरकार ने अपनी भ्रष्टाचार नीति के तहत कई योजनाओं को बंद कर लूट खसोट में जुटी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकारों ने केवल राज्य की प्रगति ही बाधित नहीं की, बल्कि सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार से कलंकित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, लूट, हत्या, अवैध कारोबार चरम पर है। पटेल ने कहा कि हेमंत सोरेन का कार्य करने का इच्छा अब नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनावी भाषण में हेमंत ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया। लेकिन अब तक 50 हजार लोगों को ही नौकरी मिला है जो निश्चित ही युवाओं को ठगने का कार्य किया गया है। हेमंत सोरेन का शासनकाल में अब तक विकास का कोई नामोनिशान नहीं है। इनके संरक्षण में पुलिस- प्रशासन अवैध कारोबार में जुटा है। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, दीनदयाल कुमार, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, भीमसेन चौहान मौजूद थे।

## डीसी ने बिरसा किसान रथ को किया रवाना

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को जिला समाहरणालय परिसर से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त को बरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी दी गई। राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के द्वारा ₹बिरसा किसान रथ₹ का परिचालन कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, रामगढ़ के माध्यम से शुरू की गयी है। किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण आदि की जानकारी बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जाएगी। बिरसा किसान रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, प्रगतिशील कृषकों के साथ जन-जन तक खेती से संबंधित तकनीकी समस्यों का समाधान, योजनाओं की जानकारी के लिए भ्रमण करेगा।

### सौदा डी पंचायत में बच्चों को मिला स्वेटर और टोपी

**भुरकुंडा ।** सौदा डी पंचायत के रामनगर और हुसैनीनगर आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बच्चों के बीच दो दो सेट स्वेटर्स टोपी और पोषक तत्व का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय उपस्थित थे। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने बताया की ठंड को देखते हुए सरकारी दिशा निर्देश पर बच्चो के देख भाल की लिए पोषक तत्व के साथ स्वेटर, टोपी का वितरण किया गया।

# पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता परिवार के सामान : अंबा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के तलसवार पंचायत के जोभिया में कांग्रेस परिवार मिलन समारोह सह वन भोज का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे की अध्यक्षता में व मंच संचालन चंदर साव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओ का जुटान हुआ।मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए और सभी ने साथ साथ घाटी का आनंद लिया और वन भोज का आनंद उठाया।वन भोज कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव प्रखंड के सभी साथी- सहयोगियों से मिलकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में मेरे साथी समर्थको ने न सिर्फ चुनाव लड़ा बल्कि मेरी बेटी अंबा प्रसाद को अभिभावक के तौर पर मार्गदर्शन देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता ने योगेंद्र साव बनकर क्षेत्र को संभालने का काम किया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हम लोगों के लिए परिवार के समान है। मैं बडकागांव की बेटी बहन बनकर कार्य कर रही हूं, पूरे विधानसभा के लोगों ने अभिभावक बनकर मार्गदर्शन देने का काम किया है। क्षेत्र वासियों के प्यार और आशीर्वाद से दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही हूं। इस दौरान दूसरे दलों से कई लोग विधायक अंबा प्रसाद के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।जिसमे मुजफ्फर हुसैन, तुलेश्वर महतो, शिवदयाल महतो, सीता मरांडी, संजय महतो, उर्मिला देवी सहित कई लोग थे। सभी को विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, शैलेंद्र यादव ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मुखिया चरका करमाली,मो इलयास अंसारी,लीलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो,चंद्रिका साव, सुरेश महतो, संजय महतो, त्रिलोकी साव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

**बड़कागांव में कांग्रेस का मिलन समारोह सह वनभोज आयोजित**

## एक नजर में

### मनमोहक है बोधा डैम और चट्टान धाम



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के डहरभंगा पंचायत के बौधा डैम,खैरा पंचायत में जंगलों के बीच बसा सिझूआ झरना , झरपो पंचायत के कारीझरना चट्टान धाम ,दारू प्रखंड और टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के सिवाने नदी अंग्रेजी के नव वर्ष 2024 के अवसर पर क्षेत्रवासियो एवं समेत अन्य जिला के कई गांवों से सैलानियों का आवागमन इन मनमोहक पर्यटक स्थल पर होता है । जहां सैलानी अपने परिवार के संग अंग्रेजी के नव वर्ष के अवसर पर अनेकों प्रकार के व्यंजन भोजन का लुत्फ उठाते हैं। और एक दूसरे को नव वर्ष की शुभ कामनाएं देते है। पर्यटक स्थलों में डीजे के संग पर लोग खूब नाचते थिरकते देखे जाते है। बता दें कि इन पर्यटक स्थलों के में लोग सालों भर हिन्दू धर्म आस्था के अनुसार श्रद्धा युक्त होकर भी विभिन्न मनोकामनाओं को लेकर पूजा पाठ अर्चना आराधना करते हैं।

### वनपट्टा के लिए 115 लोगों ने दिया आवेदन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के हेंदेगढ़ा में वन अधिकार समिति की बैठक पंचायत भवन प्रांगण में किया गया।जिसकी अध्यक्षता सरजू महतो ने किया।बैठक में कई मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया।बैठक में कहा गया कि हेन्देगढा वन अधिकार समिति के द्वारा वनपट्टा निर्गत कराने को लेकर 115 लोगों का आवेदन अंचल कार्यालय चुरचू को आवेदन सौपा गया है।बैठक में यह भी कहा गया कि छुटे लोगों से भी आवेदन लिए जाएंगे।लोगों से अपील करते हुए समिति के लोगों ने कहा है कि जल्द ही आवेदन भरकर वन समिति हेन्देगढा अध्यक्ष संदीप कुमार महतो के के पास जमा करें।ताकि उस आवेदन पर कार्य किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से वन समिति हेन्देगढा के अध्यक्ष संदिप महतो सचिव सरजु कुमार महतो, निर्मल महतो इम्तियाज अंसारी विकास तुरी देवी,सुनीता देवी,कुंती देवी,संदीप कुमार,शक्ति देवी सुरनाथ महतो सुखदेव महतो,विकास तुरी, गोपीचंद कुमार,महावीर महतो , सुधाकर महतो, राजेंद्र कुमार दास ,नरेश महतो,आनंद कुमार ईश्वरी महतो सुधाकर महतो जगदेव महतो राजकुमार महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट किसानों को किया गया पुरस्कृत

चरही।जाहेर संस्था के द्वारा बगजोबरा में चुरचू ,मांडू ,दारू एवं टाटीझरिया के आदिवासी किसानों के बीच कृषि मेला का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति विशिष्ट अतिथि चुरचू मुखिया पूनम बेसरा,कीमो मुखिया लालमुनि मुर्मू, कृषि सलाहकर विशुन मुर्मू थे।कृषि मेला में ग्रामीण किसानों द्वारा रबी फसलों का स्टॉल लगाया।इस मौके पर मुख्य अतिथि कृषि मेला के माध्यम से किसानों को बेहतर एवं उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।कार्यक्रम में चार प्रखडों के चार सौ पचास किसानों ने भाग लिया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि तकनीकी खेती व समयानुसार खेती किया जाय तो किसान खेती से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को खेती करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगी।इस मौके पर जाहेर संस्था के डाइरेक्टर लजरुश सोरेन,पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कू,लालजी किस्कू,सोहन हसदा, राकेश सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नाई समाज ने किया वनभोज का आयोजन

**चरही।** चरही के नाई समाज द्वारा शनिवार को वनभोज का आयोजन किया गया।यह वनभोज आपसी भाईचारगी,प्रेम और एकता का परिचय के साथ आगामी नव वर्ष की आगमन की खुशी में किया गया।इसके पूर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के उथान सहित कई मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया।चरही के नाई समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अगामी 24 जनवरी को पर्व मुख्यमंत्री स्व.कपूर्री ठाकुर की जयंती धुमधाम के साथ मानया जाएगा।इसके भव्य कार्यक्रम नाई समाज के द्वारा किया जाएगा। इसकी तैयारी भी जोर–शोर से करने का निर्णय लिया गया।इसके बाद समाज के लोगों वनभोज का आनंद लिया।मौके पर समाज के अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मिलन समारोह में शामिल हुये विधायक



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो कारीचट्टान धाम में वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता बसंत सिंह, व संचालन झरपो के विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने किया। इस समारोह में झरपो, अमनारी, खैरा, भराजो, लोधी, नारायणपूर, बेडमक्का , दारू प्रखंड से पुनाय ,बसरिया, जरगा, टटगांवा कविलासी सहित अन्य जगहों से अमित यादव के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मौके पर विधायक अमित यादव ने अपने कार्यकताओं से कहा कि आप है तो हम है हमारे कार्यकर्ता ही हमारी रीढ है. इस क्षेत्र की जो भी समस्या हो उसे आपलोग हमारे पास लेकर आइए हमारी कोशिश रहेगी की आपकी उस समस्या को खत्म कर सके. विधायक ने 2024 के चुनाव की तैयारी को लेकर भी कार्यकताओं के साथ बात की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि, दशरथ नारायण सिंह ,प्रबील प्रसाद उपप्रमुख रवि वर्णवाल अजय कुमार, , कौलेश्वर मिश्रा, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, ज्योतिष पंडा, सुनील प्रसाद, दिलीप शर्मा, निर्मल प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नव झारखंड फाउंडेशन ने बांटी खिचड़ी



हजारीबाग। नारी सेवा शक्ति एवं नव झारखंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमान मंदिर में खिचड़ी वितरण किया गया । एंव पुराने कपड़े सहित 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह को देखते हुए मिट्टी के दीय का भी वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी सेवा शक्ति की अध्यक्ष प्रियम्वदा ने किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हमारे रामलला अयोध्या के मंदिर में विराजमान होंगे इसी खुशी में हमलोगों ने प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी वितरण करेंगे साथ ही इस खुशी में मिट्टी के दीये का भी वितरण किया गया। नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि वर्ष 1528 में मुगल शासक बाबर के सिपाहसालार मीरबाकी ने मंदिर को नष्ट कराया तब से हमारे पूर्वजों ने कई लड़ाई लड़ी अब जाकर यह खुशी का क्षण आया है हम सब से अनुरोध करते है कि आपलोग गांव के मंदिरों में 22 जनवरी को दीप जलाकर जगमग कर खुशी मनाये। कार्यक्रम में सावित्री देवी, पूनम मिश्रा, श्वेता सिंह, नागिन तिवारी, बीनासेन गुप्ता आदि कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सरकारी योजनाओं में काम कर रहे बाल मजदूर



**भंडरा।** प्रखंड के बेदाल से सुरसा सीमान पर करीब 96 लाख की लागत से बन रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बेदाल ग्राम से सुरसा सीमान तक की तीन किमी की सड़क मरम्मत में गुणवत्ता में हेरफेर करते हुए निर्माण एजेंसी ने घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मसमानो मुखिया ममता कुमारी ने शनिवार निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संवेदक नाबालिग मजदूर से मजदूरी करा रहा था। मुखिया ने बताया कि जिस मापदंड से सड़क निर्माण होना था वैसा नहीं हुआ। ठेकेदार ने सारे नियम कायदों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से घटिया कार्य किया है। मौके पर अनिल महतो, लक्ष्मण साहू , चंदन महतो, सुरेंद्र साहू, ब्रजेश साहू, मुरारी लोहरा, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, जन्मेजय चौधरी, दिकेश साहू, दुगरु उरांव आदि मौजूद थे।

### वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच बंटा कंबल



**भंडरा।** लोहरदगा के व्यवसायी सह समाजसेवी पद्मलोचन लाल ने अपनी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ 30 दिसंबर को भंडरा नवडिहा चौक स्थित हरियाली बीज भंडार के समीप जरूरतमंदों के बिच कंबलों का वितरण किया। उक्त परिवार के हाथों पिछले चार वर्षों से जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल बांटा जा रहा है। लाभान्वित लोगों में तेतरी महली, धीरजू महतो, सरिता महतो, बिगु लोहरा, गंगा उरांव, इसूफ, बरखा उरांव, सानिया, कुंवर लहेरी, मोहरा उरांव, पूरन लहेरी, टेंबा उरांव, सुमरि उरांव, सरिता देवी, जलू महतो समेत 100 लोग शामिल हैं। मौके पर संदीप मित्तल, स्वाति मित्तल, वैष्णवी कुमारी, शिवांस मित्तल, अंजनी देवी, शौर्य मित्तल, अजीत अग्रवाल, सुरेश साहू, संदीप कुमार आदि के सदस्य उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेसियों ने किया वनभोज



**गुमला।** बिशुनपुर विधानसभा के सक्रिय युवा कांग्रेसियों के द्वारा शनिवार को घाघरा प्रखंड के देवाकी धाम में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बतौर अतिथि जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव शामिल हुए। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। झारखंड की गठबंधन सरकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए चलायी जा रही है। लोग आवेदन देकर गांव के विकास के लिए उसका लाभ उठायें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण पाण्डेय, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, बिशनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजु भगत, ओबीसी जिलाध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, जिला सचिव तरुण गोप, नवनियुक्त एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजु उरांव,संजय गोप, फगुआ उरांव, विनोद उरांव, विनीता उरांव, सिताराम उरांव शहजाद भी मौजूद थे।

### 21 को जोलो नदी घाट पर अहीर सेना का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन

**गुमला।** अहीर सेना झारखंड द्वारा आयोजित 7 जनवरी का वनभोज सह कार्यकर्त्ता सम्मेलन समारोह स्थगित कर दिया गया है। आज अहीर सेना प्रतिनिधियों की बैठक मुरकुंडा में हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश गोप ने की। आनंद गोप ने कहा कि हमारे समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक अधिवक्ता मनु गोप जी का आकस्मिक निधन हो गया है। हमारे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं। हमने हमारे समाज के एक मजबूत स्तंभ खो दिया। ज्ञात हो कि 7 जनवरी 2024 को ब्रह्मभोज का कार्यक्रम होना है। ऐसे दु :ख की घड़ी में वनभोज अनुचित होगा। लखन गोप ने कहा कि इस दु :ख की घड़ी में पूरा समाज उनके परिवार के साथ हैं। दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम स्थगित कर 21 जनवरी को जोलो नदी घाट पर किए जाने का निर्णय लिया गया।

### स्वामी दिव्य ज्ञान ज्योति की अगुवाई में होगा अल्बर्ट एक्का का सम्मान : भिनसेंट

**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की 81 वीं जयंती उनके पैतृक गांव जारी में पहली बार भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की सफलता के बाद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के सुपुत्र भिनसेंट एक्का ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कार्यक्रम का पूरा श्रेय स्वामी दिव्य ज्ञान को जाता है। उन्होंने जारी आकर लोगों को जागरूक किया तथा परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव सम्मान समिति का गठन कराया। गठन के उपरांत स्वामी दिव्य ज्ञान के अगुवाई में परमवीर अल्बर्ट एक्का की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया और उन्हीं के बदौलत भव्य तरीके से जयंती मनायी गयी। जयंती में जिला राज्य तथा देश के कई हस्तियों एवं उद्योगपतियों, जनप्रतिनिधियों, डॉक्टरों, इंजीनियरियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारियों तथा राज्य के विभिन्न विभागों को निमंत्रण देकर जारी गाँव मे लाने का काम स्वामी दिब्याज्ञान के द्वारा किया गया था जो कि परमबीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के मुख्य संरक्षक भी हैं। स्वामी दिव्य ज्ञान ज्योति के अगुवाई में मेरे पिता परमवीर अल्बर्ट एक्का का पूरा सम्मान होगा। साथ ही जारी प्रखंड का विकास में अपना सहयोग करेंगे।

### बाइक-साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**गुमला।** नगर परिषद कार्यालय के समीप बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। घायलों में गुमला थाना क्षेत्र के कोलपारा घट्ठा निवासी बहुरा पहान व बाइक सवार विवेक कुमार के नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार साइकिल से बहुरा पहान गुमला बाजार करने आया था। वहीं विवेक घर से बाल कटाने निकला था। इसी दौरान नगर परिषद कार्यालय के समीप बाईक व साइकिल में भिडंत हो गई। जिसे दोनों घायल हो गये।

### रुकी घाट में जंगली बाघ ने बैल को मारा

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के रुकी घाट में जंगली बाघ ने एक बैल को मार डाला। इस संबंध में शनिवार को शाम साढ़े 5 बजे जखरियस पन्ना ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने मवेशी (बैल) को जंगली बाघ के द्वारा मारने का थाना में सन्हा दर्ज कराया है। अपने आवेदन में जखरियस ने कहा है कि जखरियस बीआर बरटोली बिमरला का रहने वाला है।

# हेमंत सरकार हर मोर्चे पर रही है फेल : सीपी सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा में रांची विधानसभा से पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक सीपी सिंह झारखंड गठबंधन सरकार की विफलता के चार वर्ष विषय को लेकर लोहरदगा नगरपालिका अंतगर्त ठाकुराइन तालाब, गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में प्रेस को संबोधित किया। मौके पर जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस शामिल थे। प्रेस को संबोधित करते हुए सी पी सिंह ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक जिलों में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से 4 वर्ष की विफलताओं को लेकर भाजपा द्वारा आरोप पत्र जारी करते हुए अपनी बात को रखी जा रही है। और आरोप पत्र में 4 वर्ष मैं झारखंड गठबंधन सरकार की विफलता एवं केंद्र के द्वारा दिए गए राशि का पूर्ण विवरण है। सरकार केंद्र के द्वारा दी गई राशि का खर्च नहीं कर पा रही है। साथ ही हिसाब खिताब प्रस्तुत नहीं करती और केंद्र पर राशि नहीं देने का आरोप लगाती है।

झारखंड की गठबंधन सरकार स्थानीय नीति, नियोजन नीति बहाल नहीं कर पाई। लेकिन हर बार सदन में पास करा कर आनंद जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करती है यह सत्य के नशे में इतनी चोर हैं कि उसमें कुछ सुझाव को बगैर जोड़े हुए राज्यपाल के पास भेज दिया जाता है। इनके बनायी गयी स्थानीय नीति का माननीय न्यायालय ने भी खारिज कर दिया है। इससे स्पष्ट पता होता है कि वर्तमान सरकार केवल आम जनता को ठगने का कार्य कर रही है। इन्होंने कोई नीति तैयार नहीं किया है उनकी नीतियों में भी कूटनीति समाहित होती है। जिसका खामयाजा झारखंड के लोग भुगत रहे। झारखंड युवा को भरपूर ठगने का कार्य किया।

इस प्रकार से सत्ता में आने से पूर्व 2019 नियुक्ति वर्ष कहा था परंतु या सरकार एक भी नियुक्ति स्वयं से नहीं कर पाई यहां तक की जो भी नियुक्तियां अभी तक हुई है वह पूर्व की भाजपा सरकार रघुवर दास जी के द्वारा निकाली गयी नियुक्तियां थी। स्नाकोत्तर को 7000 एवं स्नातक 5000 रुपया प्रति महीने बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी परंतु एक पैसा नहीं दिया वहीं महिलाओं को निशुल्क शून्य से पीएचडी तक शिक्षा की बात कही थी उसे पूर्ण करने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार दे रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं को बंद कर दिया। एसटी-एससी को स्थानीय रोजगार में आरक्षण की बात कही थी वह भी नहीं लागू कर पाये।




प्रेस को संबोधित करते हुए सीपी सिंह।

**मुख्य बातें :** कहते हैं पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। और इस सरकार के काले कारनामे शुरूआती दिनों में ही दिख गया था। खान खदान में लूट सरकार के इशारों पर हो रही है सरकार में बैठे लोग आर्थिक लाभ ले रहे हैं। सरकार सफलता के 4 वर्ष का जश्न मना रही है वहीं इसी प्रदेश के दो-दो बड़े इस जेल के अंदर हैं और कई और जाने वाले हैं वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री को इडी लगातार सम्मन भेज रही है। और यह उपस्थित नहीं हो रहे इससे आम जनता में गलत संदेश सरकारी एजेंसियों के प्रति जा रहा। हम सभी जिम्मेदार व्यक्ति हैं हमें सरकारी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है मुख्यमंत्री का बार-बार इस प्रकार से बहाने बनाना गलत। कल कोई भी नागरिक इसी को सीख मानकर थाना के बुलावे एसीबी के बुलावे को नकार सकता है। आज लोग अपनी पेंशन को लेकर परेशान है किसी का 1 वर्ष तो किसी का 2 वर्ष से खातों में पैसे नहीं आ रहे बहाने यह है कि वह जीवित है या नहीं प्रमाण नहीं मिल रहा जबकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रही है यह दिखावे साबित हो रहे हैं। दफ्तरों में बिना पैसा काम नहीं हो रहा है मुख्यमंत्री जश्न मना रहे हैं। सड़क बन रहे हैं परंतु गुणवत्ता बिल्कुल नहीं है 2 दिन की सड़क का गिट्टी बिखरा हुआ है अलकतरा नहीं है। सरकार नगर निकाय चुनाव नहीं कर रही है ना ही पिछड़े आयोग का गठन कर पायी है।

### मोबाईल दुकान में चोरी की घटना के बाद एसपी ने किया निरीक्षण

# खोजी कुत्ते की मदद से पुलिस को मिला सीसीटीवी डीबीआर

- एसपी ने थाना प्रभारी को कांड का त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शहर के मेन रोड स्थित न्यू अमित मोबाइल दुकान से लाखों के मोबाईल व अन्य सामग्री की चोरी के बाद शनिवार को पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान वे दुकान के हर दिशा में घूम-घूमकर निरीक्षण किये। दुकान संचालक अजय केसरी से भी बातचीत की। एसपी दुकान के पीछे स्थित झाड़ियों में भी गये और चोरी के बाद चोरों के भागने वाले स्थल को भी देखा। एसपी ने थाना प्रभारी बिनोद कुमार को कांड का त्वरित निष्पादन करने को कहा। शुक्रवार को चोरी की घटना के बाद पुलिस ने खोजी कुते का सहारा चोरों को पकड़ने के लिए लिया। चोरों ने सीसीटीवी डीबीआर भी चोरी कर ली थी।



दुकान का निरीक्षण कर लोगों से बातचीत करते एसपी।

**खास बातें :** खोजी कुत्ता की मदद से पुलिस ने सीसीटीवी का डीबीआर दुकान के पीछे स्थित झाड़ियों से बरामद किया है। साथ ही लोहे का रड़ भी पुलिस ने पीछे से प्राप्त किया। पुलिस लगातार चोरों का सुराग लगाने में जुटी है। पुलिस तेज गति से अनुसंधान भी कर रही है। वहीं बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर में पेयजल का काम करने के लिए रखे गए पाइप में शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाये जाने के बाद गुमला एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिये।

# हेमंत सरकार के चार साल का कार्यकाल जनता की अदालत में हुई फेल : कोचे मुंडा

- हेमंत सोरेन के चार साल के कार्यकाल में राज्य में लूट, भ्रष्टाचार, हत्या व चोरी की घटना बढ़ी, अपने चुनावी वादे भी पूरी नहीं कर पायी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के महागठबंधन सरकार के चार साल के कार्यकाल को लेकर शनिवार को स्थानीय परिसदन में जिला भाजपा के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कान्फ्रेंस में तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि झारखंड की सरकार का चार वर्षों का कार्यकाल जनता के अदालत में फेल साबित हुई है। सरकार अपने चुनावी वादों को इन चार सालों में पूरी नहीं कर पायी। बल्कि राज्य में लूट, अपराध, दुष्कर्म, हत्या व चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है।



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल विधायक कोचे मुंडा व भाजपा के नेता गण।

**खास बातें :** वहीं उग्रवादी वर्तमान सरकार के कार्यकाल में फिर से झारखंड में सर उठाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान की निक्कमी सरकार से भविष्य में जनता कुछ उम्मीद भी नहीं लगा रखी है। राज्य में भ्रष्टाचार इतना अधिक है कि सीएम के आस-पास के लोग जेल जस चुके हैं और सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने छः बार समन भेजा है। जिससे बचने के लिए सीएम कोर्ट जा रहे हैं। झारखंड में महागठबंधन की सरकार में कोयला, बालू व खनन के अन्य क्षेत्रों में लूट मची है। इस सरकार ने खाद्यान्न योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले अनाज तक की घोटाला कर दी। श्री मुंडा ने कहा कि सरकार आपके द्वार शिविर लगाकर वर्तमान सरकार केवल जनता से आवेदन ले रही है। अबुवा आवास में अब आवेदन करने वालों से दस हजार रूपये भी वसूले जा रहे हैं। वहीं केंद्र की मोदी सरकार गरीब कल्याण योजना चलाकर देश को विकास की पथ पर लेकर चल रही है। केंद्र सरकार की हर योजना गरीबों तक पहुंच रही है। झारखंड सरकार के कार्यकाल में सड़के बनते ही उखड़ रही है। वहीं हेमंत सोरेन के कारण केंद्र सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर नहीं पा रही है। वहीं राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

### झुंड से बिछड़ा हाथी ग्रामीणों की परेशानी का सबब

**गुमला।** झुंड से बिछड़े एक हाथ पालकोट प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हाथ झुंड से बिछड़ने के बाद हाथी स्थानीय लोगों के घरों को नुकसान पहुंचाने के साथ खेतों में लगे फसलों को भी बर्बाद कर रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से हाथी को क्षेत्र से बाहर खदेड़ने की अपील की है। हाथी पालकोट, बसिया व कामडारा थाना क्षेत्र के कई इलाकों के लोगों के लिए दहशत बनी हुई है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल

**गुमला।** शहर के टंगरा स्कूल के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक सवार युवक पालकोट का सूरज खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार दोपहर करीब 3 :30 बजे की है। घटना के बाद गश्ती कर रही पुलिस युवक को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करायी। बताया जा रहा है कि युवक नशे में धुत था। वहीं घटना में युवक को गंभीर चोट लगी है।

### बाइक के पहिये में साड़ी फंसने से महिला घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के करौंदा चेकनाका के पास बाइक में साड़ी फंस जाने से बड़ा अंबवा की लक्ष्मी देवी घायल हो गयी। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी देवी बाइक पर बैठकर सिलम किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान उनकी साड़ी बाइक के पहिये में चल गयी और वह गिरकर जख्मी हो गयी।

### अबुआ आवास सत्यापन को लेकर ग्राम सभा



**कैरो।** प्रखंड के हनहट पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया श्रवण मुंडा की अध्यक्षता में अबुवा आवास सत्यापन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के निर्देशानुसार अबुआ आवास को लेकर ऑनलाइन आवेदन जमा होने के बाद सत्यापन को लेकर आम सभा में उपस्थित ग्रामीणों के बीच सूची को पढ़कर बताया गया। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि आवेदन जमा लेने के पूर्व स्पष्ट निर्देश दिया था कि जिनको पूर्व में आवास का लाभ मिला हो या जो सक्षम हैं वैसे लोग आवेदन जमा नहीं करेंगे उसके बाद ऑनलाइन आवेदन किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों के बीच सूची को पढ़कर सुनाया गया ताकि किसी तरह की आपत्ति होने पर ग्रामीण इसपर आपत्ति दर्ज कर सकें। आम सभा में मुखिया श्रवण मुंडा ने भी संबोधन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम, श्रवण, राजेश उरांव, पंचम एतवा पहान, नौशाद अली, रुकमणी, बिस्वा उरांव, जगमुनि उरांव, सुनीता देवी, प्रभुनाथ पांडेय, इंतखाब आलम, साजाद असारी, रुस्तम अली, अर्जुन सिंह, विकास भगत, महादेव उरांव, सनाउल्लाह असारी, बजरंग साहू, रोहित कुमार, नितेश सिंह आदि भी थे।

## कुडू-जिंगी पंचायत में हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखण्ड के कुडू एवं जिंगी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गयी।



## एक जनवरी से हड़ताल पर रहेंगे बिशुनपुर प्रखंड के सभी डीलर

### बीडीओ के नाम एजीएम को सौंपा गया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता


**बिशुनपुर।** प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता 1 जनवरी से बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे। शनिवार को बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अनुपस्थिति में एजीएम बालचंद उरांव को डीलर संघ ने ज्ञापन सौंप हड़ताल में जाने की सूचना दी। मौके पर अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, सुषमा कुजूर, फूल कुवईर भगत, सुनीता देवी, मंजू देवी, ममता मुंडा सहित अन्य दुकानदारों ने कहा कि राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर हड़ताल आहूत किया है। जिला कमेटी ने उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को पूर्व में ही हड़ताल की सूचना दी है। आज प्रखंड के डीलर ने संबंधित पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ने बताया कि डीलर को 30000 मानदेय या प्रति किलो 3 की दर से कमीशन देने, ई पॉश मशीन को 4 जी करने, लंबित कमीशन का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल का आह्वान किया गया है।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष बजरंग उरांव की अध्यक्षता एवं गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में एक बैठक हुई। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष बजरंग उरांव ने वर्तमान समिति को भंग करने की घोषणा की और प्रांतीय प्रतिनिधि विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने आग्रह किया कि नवीन समिति की घोषणा किया जाये। जिसमें सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से शरत कुमार विद्यार्थी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भोला प्रसाद एवं बजरंग सोनी, संजय साहू को सचिव, सुरेंद्र साहू को सहसचिव, मुरारी सोनी कोषाध्यक्ष, अखिलेश कुमार विभाग प्रमुख, बिपिन दास संकुल प्रमुख और संरक्षक बजरंग उरांव को बनाया गया।



### शिशु मंदिर में चला संपर्क अभियान


**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा प्रखंड के खंडा, गजनी और नरौली गांव में अभिभावक संपर्क अभियान चलाया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या रीता यादव के नेतृत्व में विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय में नये सत्र में नये नामांकन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। रीता यादव ने लोगों को बताया कि, विद्यालय में शिक्षा पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण तरीके से दी जाती है। विद्यालय संस्कार व अनुशासन के नाम से पहचाना जाता है।

## शिवराजपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का चला कार्यक्रम

- शिवराजपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के शिवराजपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विकसित भारत को लेकर संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना, आवास योजना, विश्वकर्म योजना, किसान सम्मान निधि योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर प्रमोशन, वन अधिकार समेत कई योजनाओं से संबंधित कई स्टाल में जानकारी दी। जहां जरूरत अनुसार ग्रामीणों से संबंधित स्टालों में आवेदन जमा हुए। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर लोगों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया।



# चेंबर ऑफ कामर्स की बैठक में छाया मोबाइल दुकान में चोरी का मामला

- जशपुर रोड में संदेश मोबाईल दुकान में हुई चोरी का पुलिस नहीं कर पायी थी उदभेदन : दामोदर कसेरा
- चेम्बर के संविधान में संशोधन हेतु सात सदस्यों की कमेटी बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की बैठक चेंबर अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में आस्था कंपलेक्स पालकोट रोड गुमला में संपन्न हुई। बैठक में विषयों पर चर्चा की गयी। गुमला के मेन रोड स्थित न्यू अमित इलेक्ट्रॉनिक में घटित चोरी की घटना का मुद्दा बैठक में छाया रहा। आये दिन गुमला में बढ़ते हुए चोरी की घटना से व्यापारी चिंतित हैं। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की कुछ दिन पूर्व जशपुर रोड स्थित संदेश मोबाइल की दुकान पर भी चोरी की घटना घटित हुई थी। गुमला पुलिस इस घटना की छान बीन के लिए रांची तक गयी थी। परंतु उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। गुमला पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार रात्रि गश्ती करने के बावजूद इस तरह चोरी की घटना का ग्राफ गुमला में बढ़ते जा रहा है। यह गुमला के लिए गंभीर विषय है।



बैठक में शामिल चेंबर के पदाधिकारी।

**खास बातें :** अध्यक्ष ने कहा कि दो तीन दिनों में पुलिस प्रशासन मोबाइल चोरी घटना का उदभेदन नहीं किया तो चेंबर लिखित आवेदन देकर इस केस के उद्भेदन का आग्रह करेगा। चोरी से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है। चेंबर का अपना स्थायी कार्यालय हो इसके लिए जमीन की खरीदी के लिए दो दिनों में जमीन देखकर कौशलेन्द्र जमुआर को अध्यक्ष को अवगत कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्णय लिया गया। चेंबर के संविधान में संशोधन हेतु सात सदस्यों की कमेटी गठित कर इसके संविधान में संशोधन पर कार्य करेंगे। कमेटी की घोषणा दो से तीन दिन में होगी। साथ ही व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी।

### जिले के एक युवा जोड़े ने सगाई पर पेश की मिसाल

# कार्यक्रम के गवाह मेहमानों को गिफ्ट के बदले बांटे सैकड़ों पौधे

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** आज लोग अपनी शादी और सगाई को भव्य बनाने और दुनिया को दिखाने में व्यस्त हैं, वैसे में लोहरदगा में एक युवा जोड़ी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। शहर के जीईएल मिशन कंपाउंड में शनिवार को लोहरदगा के बैंक से सेवानिवृत सामुएल लकड़ा एवं मिडिल स्कूल अरु में पदस्थापित सुधा लकड़ा के पुत्र अजर मीरास का कुडु, जामुन टोली स्व मनोज टोप्पो और सलेन टोप्पो की पुत्री स्मृति अमिता टोप्पो के साथ सगाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



पेड़ देते युवा जोड़ी।

**खास बातें :** इस जोड़ी ने अपने आने वाले जीवन को पर्यावरण बचाने के लिए समर्पित करते आये हुए मेहमानों के बीच पौधों का वितरण किया और मेहमानों को पेड़ लगाने और बचाने का संदेश दिया। इस आयोजन को देखकर लोगो ने काफी सराहना करते हुए इसे दूसरे युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। मौके पर बीएसएफ इंस्पेक्टर सजित टोप्पो और रेलवे में कार्यरत क्रिस्टोफर नोवेल कच्छप ने विशेष भूमिका अदा की। कार्यक्रम मे निशि कच्छप, सिरिल तिग्गा, सुदर्शन लकड़ा, अर्चना, उषा, मधु सहित कई लोग मौजूद थे।

# टीपीसी एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार, कार्बाइन, गोली, पर्चा सहित अन्य सामान बरामद

## दोनों उग्रवादियों ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा में की थी आगजनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा में आगजनी करने वाले टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर नीरज गंझू और धनेश्वर करमाली को बेंती बरवाटोली जंगल से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक कार्बाइन, यूएसए मेड पिस्टल, एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, टीपीसी का पर्चा, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया है। दोनों उग्रवादियों ने पिपरवार थाना क्षेत्र के बेलारी में बीते 19 दिसंबर को जय अंबे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के दो हाईवा में उग्रवादियों ने आगजनी की थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने तत्परता दिखायी और दस दिनों के अंदर कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को चतरा एसपी राकेश रंजन ने प्रेस काफ्रेंस में बताया कि राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के लिये डीजीपी के निर्देश पर नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है।

इस दिशा में पुलिस को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के विरूद्ध निरंतर सफलताएँ भी मिल रही है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के विरूद्ध चतरा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापामारी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली की बेतीं-बरवाटोला जंगल में प्रतिबंधित टीपीसी के 8-10 की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी इकट्ठा हुए हैं, किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के की योजना है। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में अभियान दल का गठन किया गया। अभियान दल ने बेती-बरवाटोला के जंगल में छापामारी के लिये बेतीं-बरवाटोला जंगल पहुँची तो दो व्यक्तियों को जंगल के तरफ से आते हुए देखा। पुलिस की टीम दोनों व्यक्यिों को रूकने के लिए कहा गया तो जंगल की ओर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर नीरज गंझू और धनेश्वर करमाली को पकड़ा गया। हालांकि अन्य सदस्य जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे. उग्रवादी के पास से अवैध हथियार, गोली, नक्सली पर्चा, मोबाईल एवं अन्य सामान बरामद किया गया।

गिरफ्तार उग्रवादियों से पूछताछ करने पर बताया कि 19 दिसंबर को टीपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने एवं भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से बिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के दो कोल हाईवा वाहन में आग लगा दिया गया था। इस संबंध में पिपरवार थाना (कांड सं0-55/23) प्राथमिकी दर्ज किया गया है। एरिया कमाण्डर नीरज गंझू उर्फ जय मंगल पर लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में एक मामला दर्ज है जबकि धनेश्वर करमाली उर्फ ढेला उर्फ डीके पर रांची के खेलारी, चतरा के पिपरवार और लातेहार के बालूमाथ थाना में मामला दर्ज है।

**झारखण्ड पुलिस का बचे हुए सभी नक्सलियों से अपील :** सभी नक्सलियों से अपील की जाती है कि वे हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण करें तथा झारखण्ड सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ें। झारखण्ड सरकार के द्वारा आत्मसमर्पण नीति को और अधिक सुगम बनाया गया है, जिससे आत्मसमर्पित नक्सली को 24 घंटे के अन्दर ओपेन जेल में शिप्ट किया जा सकेगा। सभी नक्सली सरकार द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठायें तथा नक्सलवाद विचारधारा को त्याग मुख्यधारा में शामिल हों।

## एसपी ने चार पुलिस कर्मी को किया निलंबित

**कोडरमा।** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा संदिग्ध आचरण के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों समेत चार को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्ग बायपास रोड में बकरा लोड एक पिकअप वाहन जो औरंगाबाद से तिलैया की ओर आ रही थी। उसे एक पुलिस कर्मी रोककर बात कर रहा था। तभी पुलिस कर्मी एसपी के वाहन देख सहम गए और पशु लोड वाहन वहां से आगे बढ़ गया। जिसके बाद उक्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। उक्त मामले में वाहन मालिक राजेश यादव, व्यपारी गोपाल यादव और खलासी हिरामन के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए अग्रसर कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि पिकअप वाहन में 70 बकरे लदे थे। वहीं एसपी श्री सिंह के द्वारा संदिग्ध आचरण के मद्देनजर पीसीआर हाइवा वन में ड्यूटी कर रहे एएसआई रवि लाल, हवलदार लाला राम, पुलिस जवान अजय सिंह और गौतम कुमार सिंह को निलंबित करते हुए अग्रसर कार्यवाही को लेकर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर को निर्देश दिए हैं।

एक नजर में

## भाजपा व एआईएमआईएम नेता सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



पार्टी में शामिल हुए लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा एवं एआईएमआईएम नेताओं सहित एक दर्जन से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर रंका प्रखंड के खपरो पंचायत के भाजपा नेता पूर्व मुखिया जुम्मन अंसारी, एआईएमआईएम के नेता खपरो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नाजिर अंसारी, उप मुखिया मुनताजिर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, शफी आलम आदि ने झामुमो प्रखंड टीम रंका के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के कुशल नेतृत्व में गढ़वा का जिस गति से विकास हो रहा है यह काफी सराहनीय एवं अभूतपूर्व है। मंत्री श्री ठाकुर से पूर्व आज तक गढ़वा में किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस तरह से विकास कार्य नहीं किया था। आज संपूर्ण गढ़वा में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य हो रहा है।

## भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने रविंद्र

**केतार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत की गई। इस दौरान केतार मंडल प्रभारी जितेंद्र दीक्षित की उपस्थिति में मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें मंडल के सभी युवाओं की सर्वसम्मति से रविंद्र सोनी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। वहीं अमित चंद्रवंशी, विमलेश पासवान को महामंत्री, गौरव सिंह, गौतम पाल को उपाध्यक्ष, प्रमोद सिंह, चन्दन पासवान को मंत्री, सोनू सिंह को कोषाध्यक्ष, हिरालाल ठाकुर, इंदल पटेल को मीडिया प्रभारी, अभिषेक विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी सहित 25 सदस्यीय कार्यसमिति सदस्यों को नियुक्त किया गया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, सीताराम जायसवाल, विजय गुप्ता, संजय ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चार साल झारखंड बेहाल, ठगबंधन मालामाल : विधायक

## जिलास्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** राज्य की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार का चार साल असफलताओं का साल रहा है। सरकार ने जो भी वादा जनता से किया था उसका हकीकत पूरी तरह उल्टा है।उक्त बातें सिमरिया विधायक किशुन दास ने अपने आवास पर आयोजित जिलास्तरीय प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन सरकार के चार सालों में गठबंधन मालामाल हुवा तो झारखण्ड बदहाल रहा। झारखण्ड के 23 वर्षों के इतिहास में 13 वर्ष एनडीए व 10 वर्षों तक यूपीए गठबंधन की सरकार रही। जहाँ एनडीए की सरकार ने भरस्टाचार मुक्त शाषन कायम करते हुए राज्य में खुशहाली लाने का काम किया।वही यूपीए की सरकार ने दस वर्षों के कार्यकाल में झारखण्ड को लूटने व कलंकित करने का काम किया। इस सरकार के कार्यकाल में कितनो बहन बेटियों की इज्जत लूटी गई कितनी हत्याएं हुई।चार वर्षों के हेमंत सोरेन के कार्यकाल में राज्य के युवा किसान मजदूर महिला दलित आदिवासी पिछड़े समाज को केवल धोखा मिला है।यह सरकार झारखण्ड के इतिहास की सबसे निक्कमी व भर्स्ट सरकार है।सरकार नौकरी नही मिलने तक स्नातक व स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी जो झूठ साबित हुई। सीएम हेमंत सोरेन सत्ता के अहंकार में मदमस्त हैं उन्होंने कानून को हाथ मे ले लिया है संवैधानिक संस्थाओं की लगातार अवहेलना हो रही है।हाल ही में कांग्रेस सांसद के विभिन्न ठिकानों से बरामद 500 करोड़ से ज्यादा नगदी आजाद भारत के इतिहास में भरस्टाचार का नया इतिहास रचा है। बताया कि सरकार के नाकामी के खिलाफ प्रदेश भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सदन से लेकर सदन तक जनता के लिए आवाज बुलंद कर रही है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, अक्षयवट पांडे, अमित साहू, रंजीत गुप्ता, सेवा साव ,प्रताप चौरसिया, महेंद्र यादव समेत कई उपस्थित थे।

## महापुरूषों का अपमान नहीं सहेंगे : विकास कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार रविराज के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष विकाश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को आंबेडकर पार्क में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि पलामू जिला में महाराजा मेदिनी राय व शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा को मेदिनीनगर सदर अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा 12 दिसम्बर के रात को जेसीबी से हटाया गया। यह महापुरोषों का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा को हटाए जाने के विरोध में भीम आर्मी 20 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए बाध्य होगी।

मौके पर जिला संगठन सचिव सोनू दास, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार, सहदेव दास, राहुल दास, सुनील कुमार राम, राजकुमार पासवान, रौशन कुमार गुप्ता, विशाल कुमार, मोनू कुमार दास, गौतम दास आदि उपस्थित थे।

## युवा समाजसेवी ने खजुरी जलाशय को लेकर मंत्री को दिया आवेदन



मंत्री का आवेदन देते मारुति नंदन सोनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित खजुरी जलाशय योजना को चालू कराने के संबंध में ओबीसी विभाग गढ़वा के जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आवेदन दिया है। आवेदन में युवा समाजसेवी ने उल्लेख किया है कि खजुरी जलाशय योजना से पूरे नगर पंचायत मझिआंव के साथ-साथ ग्राम पंचायत मझिआंव क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों को सिंचित करने के लिए अति महत्वाकांक्षी योजना है। जिससे आसपास के हजारों लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। जिसका शिलान्यास सन 1987 में किया गया था। जो आज तक अधूरा है। इस योजना में 99% कार्यों को लगभग पूरा कर दिया गया है तथा एक प्रतिशत कार्य करना बाकी है। साथ ही सरकार के द्वारा वहां के जमीन धारकों को नहर के लिए जमीन अधिग्रहण की राशि देना बचा हुआ है और नहर को खजुरी जलाशय से जोड़कर पानी देना बचा हुआ है। जिसको लेकर युवा समाजसेवी ने बताया कि खजुरी जलाशय को चालू करने के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आग्रह करते हुए आवेदन दिया गया है। समाजसेवी ने कहा कि इस योजना को लंबित रहने से आसपास के किसान को लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण हजारों एकड़ जमीन में सही तरीका से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन देने के बाद मंत्री जी आश्वासन मिला है कि इसे जांच करवा कर कार्य को पूरा किया जाएगा।

राज्य सरकार के चार साल के कार्यकाल पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने उठाया सवाल, कहा

# हेमन्त सोरेन झारखंडियों को बेवकूफ न समझें, समय आने पर जनता देगी जवाब



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड के गठबंधन वाली सरकार के चार साल के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षामित्र डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चल रही इस सरकार के 4 वर्ष होने पर भी जनता के लिए कोई ठोस प्रयास नही किया गया, राज्य की जनता सरकार के गलत नीतियों से त्रस्त है, किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास नही हुआ है, हेमन्त सोरेन की सरकार इन चार वर्षों में सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। शनिवार को स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान विधायक ने यह भी कहा कि राज्य की जनता सब कुछ देख और समझ रही है, झारखंडियों को बेवकूफ समझने की भूल हेमन्त सोरेन नही करे, समय आने पर राज्य की जनता इसका ठोस जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी तो गांव गांव में सड़कों का जाल बिछा दिया गया था, पुल पुलिया बनाकर गांवों को मुख्यालय से जोड़ने का काम किया गया था, नक्सलियों पर नकेल कसा गया था। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का कार्यकाल हो अथवा अर्जुन मुंडा का या फिर रघुवर दास का सबने राज्य को संवारने का काम किया था, केंद्र सरकार ने भी राज्य की दशा और दिशा सुधारने में बेहतर योगदान दिया, राज्य के रघुवर दास के कार्यकाल में महिलाओं के सम्मान में 50 लाख तक कि रजिस्ट्री एक रुपये में करने का काम किया गया था।

# डीडीसी, एडीएम, जिला शिक्षा पदाधिकारी को डीसी ने लिखा पत्र, कार्रवाई का निर्देश

## ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए राजनीतिक पैरवी करा रहे हैं संविदाकर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला के सरकारी व संविदा कर्मी से जिला के उपायुक्त व वरीय पदाधिकारी परेशान है। मामला सरकारी नियमानुकूल आचरण से विरुद्ध का है। मजबूरन उपायुक्त को इस मामले पर संज्ञान लेना पड़ा है। जिले के संविदा और नियमित कर्मी अपने ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए राजनीतिक पैरवी का सहारा ले रहे हैं। राजनेताओं की उंची पहुंच का दवाब जिले के वरीय अधिकारियों पर दिलवा रहे हैं ताकि उनका ट्रांसफर-पोस्टिंग मनमाफिक जगह पर हो सके। इनमें बड़ी संख्या शिक्षकों व समाहरणालय व प्रखंड के कर्मचारी शामिल हैं। इस बात का खुलासा चतरा जिला के उपायुक्त अबु इमरान के एक पत्र से हुआ है जो उन्होंने अपने अधीनस्थ उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा को लिखा है।



**कार्रवाई करने संबंधी मांगी रिपोर्ट :** डीसी ने स्पष्ट कहा कि आपके अधीनस्थ पदस्थापित नियमित व संविदा कर्मियों के द्वारा अपने स्थानांतरण-पदस्थापन के संबंध में सरकारी नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए राजनीतिक यथा अन्य बाहरी पैरवी करायी जा रही है। इसी प्रकार कुछेक कर्मियों द्वारा बिना उचित माध्यम के सीधे उच्चाधिकारियों से लिखित रूप से अभ्यावेदन प्रस्तुत कराया जा रहा है। डीसी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। अधिकारियों को कहा है कि सरकारी प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले ऐसे सरकारी, संविदाकर्मियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए इसकी पूरी जानकारी उन्हें प्रतिवेदन के साथ दें।

**क्या कहता है सरकारी सेवक नियमावली:** बता दें कि, झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली-2001 के नियम 22 के अनुसार कोई सरकारी सेवक सरकार के अधीन अपनी सेवा से संबंधित किसी विषयों के संबंध में अपने हित साधन के लिए किसी उच्चतर पदाधिकारी पर कोई राजनीतिक अथवा अन्य बाहरी प्रभाव नहीं डालेगा और न डालने की कोशिश करेगा। ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

## बीएसकेडी को हरा ज्ञान निकेतन क्वार्टर फाइनल में



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार और अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा की टीम ने बीएसकेडी की टीम को छह विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर बीएसकेडी की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसकेडी की टीम ने निर्धारित ओवरों में कृष के शानदार 80 रन के बदौलत छह विकेट खोकर 136 रन बनाए। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट की ओर से प्रियांशु ने दो विकेट लिया। 137 रनो के लक्ष्य को खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की टीम की कुशल के शानदार 51 रनो की बदौलत पांच गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन के कुशल को मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान, सचिव आनंद सिन्हा ने प्रदान किया। मौके पर विशाल कुमार, अभिषेक, मौसिन, नवनीत, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे शामिल थे।

## किसलय तिवारी ने शिक्षित भारत संकल्प यात्रा का किया आगाज



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत मझगवां चिल्ड्रन वेलफेयर अकैडमी के प्रांगण में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम किया। कार्यकताओं ने बुके देखकर सम्मानित किया। तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 67 योजना चलाया जा रहा है ।जैसे मैं उज्जवला ,किसान सम्मन निधि ,जनधन खाता आयुष्मान भारत इस तरह 67 योजनाओं पूरे भारत में चलाया जा रहा है। जिससे भारत का विकास तेजी से हो रहा है इसलिए सभी कार्यकताओं से नम्र निवेदन है कि 2024 में मोदी जी को भरपूर सहयोग करें जिससे भारत का विकास हो सके।

भद्रकाली मंदिर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, देखते बनती है मंदिर के तीनों दिशा में कलकल बहती हुई मुहाने नदी का सौंदर्य

# कल मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा-अर्चना के साथ करेंगे 'नववर्ष' की शुरूआत

पंकज सिंह

**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। यहां मुख्य मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिर भी आकर्षण का केंद्र है। मां भद्रकाली मंदिर तीन धर्मों सनातन, बौद्ध और जैन धर्म का संगम स्थल है। इस मंदिर के तीनों दिशा में कलकल बहती हुई मुहाने नदी का सौंदर्य देखते ही बनता है। मंदिर परिसर में अद्भुत सहस्त्रशिवलिंगम है। जिसमें 1008 शिवलिंग उत्कीर्ण हैं। इसे दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रहती है। बगल में कोटेश्वर नाथ (बौद्ध स्तूप) है। मंदिर परिसर में म्यूजियम है। जिसमें प्राचीनकाल की सैकड़ों प्रतिमाएं हैं, जो नौंवी सदी की हैं। यहां मां भद्रकाली का रूप मनोहारी है। जिसके दर्शन मात्र से ही मन प्रसन्ना हो जाता है। दोनों नवरात्र पर्व में यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। रोज अलसुबह से लेकर देर शाम तक यहां भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र में रोजाना माता का विशेष श्रृंगार व पूजा-अर्चना होती है। माता की महिमा निराली है। सच्चे मन की गई मनोकामनाएं भी पूर्ण करती हैं। न?ए साल के अवसर पर श्रद्धालुओं पर्यटकों की भीड उमड़ पडती है। यूं तो मंदिर में सालों भर पूजा अर्चना करने लोग आते हैं और प्रकृति का आनंद उठाते हैं। यही वजह है कि ये मंदिर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। हर पर्व और छुट्टी के दिन भद्रकाली मंदिर में जोरदार भीड़ उमड़ती है। नए वर्ष पर पूजा अर्चना करने लोग दूर-दूर से आते हैं। यह मंदिर चतरा जिला मुख्यालय से 36 किमी दूर है। कोडरमा रेलवे स्टेशन से इसकी दूरी 60 किमी है। वहीं, हजारीबाग से 50 किमी और रांची से 150 किमी दूर है। सभी जगहों से सड़क मार्ग से इटखोरी पहुंचा जा सकता है। मंदिर में नए साल के पहले दिन पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कतार में लगी देखी जा सकती है।



स्पीड न्यूज

## जन मजदूर परिवार संघ के लोगो से मिले पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी


मुलाकात करते संघ के लोग।

**लातेहार।** पूर्व मंत्री सह वरीय कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी शनिवार को जन मजदूर परिवार संघ के लातेहार के मुरुप स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां मजदूर संघ के लोगो के द्वारा उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान मजदूर संघ के लोगो ने डीवीसी तुबेद कोल परियोजना से प्रभावित हो रहे रैयतों के समस्याओं से अवगत कराया। कहा डीवीसी तुबेद कोल परियोजना में मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। रोजगार, पुर्नवास व विकास में लोगो की हकमारी हो रही है। संघ के लोगो से समस्याओं को जानने के बाद श्री त्रिपाठी ने कहा कि जन मजदूर संघ के साथ मिलकर हक अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ी जाएगी। मौके पर मो. शमशेर आलम, खलील अंसारी, शिव पूजन सिंह, सुरेंद्र सिंह, मंजर हुसैन, सतीश सिंह, आफाक आलम, अमीर हमजा, मो. फताउल अंसारी,नूर आलम, मो. गुरफान समेत कई लोग मौजूद थे।

## राजद के बनहरदी पंचायत अध्यक्ष बने महेश लोहरा


मौके पर मौजूद राजद कार्यकर्ता।

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर राष्ट्रीय जनता दल संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने के काम में जोरो से जुट गया है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बनहरदी पंचायत में राजद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कमिटी में महेश लोहरा को पंचायत अध्यक्ष, सुनील उरांव सचिव व भोला यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल आने वाले चुनाव में सक्रिय भूमिका में रहेगी। उन्होंने कार्यकताओं को राजद को मजबूत करने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।मौके पर जिला उपाध्यक्ष रशीद खान, प्रखंड महासचिव तपवन कुमार यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीएस डीएवी स्कूल में नए प्राचार्य घनश्याम सहाय ने लिया प्रभार

**लातेहार।** मुख्यालय के जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के नए प्राचार्य के रूप में घनश्याम सहाय ने प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय कार्यालय में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने नए प्राचार्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और पदभार सौंपा। प्रभात रंजन ने प्राचार्य के स्वागत में कहा कि आपकी आभा से यहां के छात्रों को वैश्विक ख्याति प्राप्त होगी। इस अवसर पर विद्यालय के नए प्राचार्य श्री घनश्याम सहाय ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको डीएवी परिवार के सदस्य होने पर गर्व होना चाहिए। डीएवी लातेहार से पूर्व में वो डीएवी स्कूल (बक्सर), डुमराँव, बिहार में प्राचार्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास और विद्यालय का एकेडमिक एक्सीलेंस उनका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने अपने कई वर्षों की शिक्षण कार्यानुभव की भी चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार पांडेय, रवि प्रकाश तिवारी, अजीत कुमार, बसंत कुमार, कुंदन उपस्थित थे।

# काष्ठ कला की अद्भुत मिसाल है नेतरहाट का 'शैले हाउस'

## 100 साल पहले अंग्रेज गवर्नर सर एडवर्ड ने इस अनोखे भवन का निर्माण करवाया था

**राजेश प्रसाद**


शैले हाउस।

**लातेहार।** झारखंड की रानी कहा जाने वाला नेतरहाट अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए दूर-दूर तक विख्यात है। नेतरहाट की गोद में कई ऐसे इमारत बने हुए हैं, जो अपने आप में अनोखे हैं। इसमें से एक नेतरहाट का शैले हाउस भी है, जो एक प्रकार का अनोखा भवन है, क्योंकि यह पूरी तरह लकड़ी से बनाई गई 2 मंजिला इमारत है।

**● काष्ठ कला का अद्भुत नमूना**

नेतरहाट को लोग उसकी मनोरम वादियों, सूर्योदय और सूर्यास्त आदि के लिए जानते हैं। नेतरहाट का शैले हाउस भी नेतरहाट की खूबसूरती में चार चांद लगाता है। लकड़ी से बना यह दो मंजिला भवन काष्ठ कला का अद्भुत नमूना है। इस भवन को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं और इसकी खूबसूरती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। इस भवन को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे किसी कलाकार ने अपनी कला का पूरा अनुभव इस भवन को बनाने में लगा दिया हो।

**● ब्रिटिश काल में बना था यह भवन**

शैले हाउस का निर्माण ब्रिटिश काल में हुआ था। अंग्रेज गवर्नर जब नेतरहाट आते थे तो वो इस भवन में रुकते थे. इसलिए इस भवन को गवर्नर हाउस के रूप में भी जाना जाता है। ब्रिटिश हुकूमत खत्म होने के बाद इस भवन को संरक्षित किया गया। बाद में राज्यपाल, मुख्यमंत्री या बड़े अधिकारियों के आगमन पर उन्हें इस भवन में ठहराया जाता था।

**● म्यूजियम के रूप में किया जा रहा है विकसित**

इतिहासकार प्रोफेसर पीके तिवारी ने इस संबंध में बताया कि लगभग 100 साल पहले सर एडवर्ड ने इस अनोखे भवन का निर्माण करवाया था. यहां गवर्नर रुका करते थे, इसलिए इसका नाम गवर्नर हाउस पड़ा, कालांतर में जब यह भवन जर्जर होने लगा तो सरकार ने इसकी विशेष मरम्मत करवाई। वर्तमान में इस भवन को म्यूजियम के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब लोग यहां आकर इस भवन को देखते हैं और इसकी खूबसूरती को निहारते हैं।

**● सालों भर यहां बना रहता ठंड का मौसम**

बता दें कि नेतरहाट रांची से 156 किमी की दूरी पर लातेहार जिले में अवस्थित है। इसकी ऊंचाई समुद तल से 3 हजार 700 फीट है और यहां गर्मी के मौसम में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। वैसे तो सालों भर यहां ठंड का मौसम बना रहता है. घने जंगल के बीच बसे इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता देखने लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां वन विभाग की अनुमति के साथ शूटिंग भी की जाती है।

## डोंकी पंचायत में स्वास्थ्य विभाग का तांडव, डिलीवरी करवाने आ रही महिलाओं से हजारों रुपए की वसूली

● घर में डिलीवरी होने के बाद भी लीये जाते हैं पैसा, महिलाओं ने एएनएम पर कार्रवाई का किया मांग

● जन्म प्रमाण पत्र के लिए भी पैसे की मांग, बच्चों का नहीं बना आधार कार्ड, शिक्षा से वंचित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जानकारी देती महिलाएं।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के डोंकी पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मी के द्वारा डिलीवरी करवाने आ रही महिलाओं से हजारों रुपए की वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला नहिरा और हेसातु गांव का है जहां एएनएम के तांडव से परेशान महिलाओं ने बताया कि पल्हेया पंचायत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में संगीता देवी नामक महिला एएनएम के पद पर कार्यरत हैं और वह सालों से उसी अस्पताल में हैं। महिलाओं ने आगे बताया कि हम लोगों के गांव से जब भी कोई महिला डिलीवरी करवाने के लिए अस्पताल जाता है तो डिलीवरी के बाद एएनएम के द्वारा उनसे 1500 से लेकर 5000 तक की वसूली की जाती है मना करने पर बोला जाता है कि मैं किसी का नौकर नहीं हूं यह मेरा मेहनत का पैसा है देना पड़ेगा नहीं देने पर बच्चों को अस्पताल से छुट्टी नहीं दी जाती है पैसे देने के बाद ही बच्चे को अस्पताल से ले जाने को बोला जाता है। वहीं नहीरा गांव के खुशबू देवी ने कहा कि मुझसे 5000 लेने के बाद ही छुट्टी दिया गया कुछ महिलाओं ने यह भी बताया कि पैसे नहीं होने की वजह से किसी और से कर्ज लेकर एएनएम को देते हैं जिसके बाद बच्चों की छुट्टी हो पाती है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए भी हम लोगों से अवैध वसूली की जाती है पैसे नहीं देने पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है जिस वजह से आज गांव के कई बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है और वह शिक्षा से वंचित हैं। महिलाओं ने बताया कि अगर किसी का घर पर नॉर्मल डिलीवरी होता है तो उन्हें भी अस्पताल बुलाकर उनसे पैसे मांगे जाते हैं पैसे नहीं देने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को नियमानुसार मिलने वाली टीकाकरण नहीं दी जाती है जिसके कारण एएनएम को पैसे देने पड़ते हैं। महिलाओं ने कहा कि सरकारी अस्पताल होने के बावजूद भी हम लोगों से प्राइवेट अस्पताल के जैसा दवा, इंजेक्शन एवं मेहनत के नाम पर पैसे की वसूली की जाती है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने स्वास्थ्य उपकेंद्र में नए एएनएम को कार्यभार देने एवं आरोपी एएनएम पर कार्रवाई करने का जिला प्रशासन से मांग किया है। मौके पर संगीता देवी, खुशबू देवी, राधा देवी, सविता देवी, बसंती देवी, कुलदीप सिंह, फुलेंद्र तुरी, सेमत दो दर्जन से अधिक महिलाएं उपस्थित थी।

## चंदवा में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ददई दुबे का हुआ स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे शनिवार को चंदवा पहुंचे, जहां स्थानीय होटल कावेरी परिसर में इंटक जिलाध्यक्ष शीतल साहू की अगुवाई में मजदूर नेताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने उन्हें पुष्प गुच्च देकर स्वागत किया। इस मौके पर शीतल साहू ने श्री दुबे के समक्ष जिले के मजदूरों की समस्याओं को रखा। शीतल साहू ने कहा कि लातेहार जिला खनिज संपदा से परिपूर्ण है, बावजूद इसके यहां के मजदूर हक अधिकार से वंचित है व रोजगार के लिए पलायन को मजबूर है। जिले में संचालित हो रहे उद्योग धंधों में स्थानीय लोगो के काम व रोजगार मिले इसके लिए इंटक मजदूरों की संगठित कर लड़ाई लड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दुबे ने शीतल साहू को मजदूरों के हितार्थ कार्य करने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया है । मौके पर अख्तर खान, पवन वर्मा राजेंद्र उरांव, टिंकू गुप्ता समेत कई मजदूर नेता मौजूद थे।

## लोध फॉल की खूबसूरती उफान पर, पर्यटकों की उमड़ रही है भीड़

**देवानंद प्रसाद**


लोध जलप्रपात।

**महुआडांड़।** झारखंड में प्राकृतिक खूबसूरती की कोई कमी नहीं है। यहां के जल-जंगल हमेशा से लोगों को आकर्षित करते रहे हैं। ऐसे में महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत चटकपुर पंचायत के बूढ़ा नदी पर स्थित लोध जलप्रपात का इन पर्यटन स्थल में अलग ही स्थान है। लोध फॉल को देखने के लिए काफी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।बारिश के मौसम के कारण लोध वॉटर फॉल या बूढ़ा घाघ जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बनती है। वही पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जलप्रपात में पानी का स्तर भी काफी अच्छा है। जिसके कारण इसकी खूबसूरती निहारने आसपास के राज्यों से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। 143 मीटर की ऊंचाई से कल-कल करता लोध वॉटर फॉल पर्यटकों का मन मोह रहा है। बताते चलें कि यह झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। गौरतलब है सीएम हेमन्त सोरेन भी जब लोध फॉल देखने आए थे तब उन्होंने भी लोध फॉल की खूबसूरती देख अत्यंत प्रशंसा की थी साथ ही अपने कैमरे में लोध फॉल की कई फोटोग्राफ कैद की थी। अपने दौरे के क्रम में सीएम ने लोध फॉल को पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने की बात कही थी।हाल ही में पचास लाख की लागत से लोध फॉल में करीब 25 मीटर लंबा लकड़ी का पुल बनाया गया है। इसके साथ ही पर्यर्टकों के बैठने के लिए चार गजीबों को बनाया गया है। लकड़ी के पुल तक जाने के लिए पूर्व से निर्मित सीढ़ी की मरम्मति कर उसके एक किनारे रेलिंग बनाया गया है। पर्यर्टकों की सुविधा के लिए महिला और पुरुष का अलग-अलग शौचालय बनाया गया है।

## गोलीटांड मे जल जीवन मिशन से लगाए गए सोलर जलमिनार 6 माह से खराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**


खराब जलमिनार।

**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत अमरवाडीह के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र गोलीटांड ग्राम मे लघू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत हर घर नल का जल के उद्देश्य से लगाए गए सोलर जलमिनार पिछले 6 माह खराब जिसके कारण ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों को घर-घर जल आपूर्ति के उदेश्य से सरकार द्वारा लाखो खर्च कर जलमिनार लगाया गया था। जलमीनार लगते ही एक माह के अंदर खराब हो गया। जिसके कारण आज भी लोग खुले कुंवे का पानी पीने पर मजबूर है। ग्रमीण भुनेश्वर गंझु, अमरीत गंझु, रमया देवी, तिलकी मसोमात, मोहरी गंझु, अनीता देवी, सितमनी देवी, बिनोद गंझु, बैजनाथ गंझु, भुनेश्वर गंझु, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की गोलीटांड के उपरटोला मे हमलोग सभी गंझु समुदाय के 40 से 50 घरों के बीच लगभग 250 लोग निवास करते हैं। गांव में सोलर जलमिनार बिते 6 माह पूर्व लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पीएचडी विभाग द्वारा सोलर जलमिनार लगाया गया था। संवेदक द्वारा सोलर जलमिनार का ट्रायल किया और वह पांच मिनट के बाद खराब हो गया। ट्रायल के बाद से आज तक खराब पड़ा हुआ है। जलमिनार लगने से हम सभी गाँव के लोग काफी खुश थे की अब हमलोगो को हर घर नल का जल सुविधा मिलेगा लेकिन सपना अधुरा रह गया। जिस कारण हम सभी लोग आज भी खुले कुआं के पानी पिने पर मजबूर हैं। ऐसा लगता है कि सरकार का कोई योजना हमलोगो के लिए नहीं है। सोलर जल मीनार खराब होने की सूचना स्थानीय मुखिया को कई बार दी गई परन्तु आज तक सुधी नहीं लिया। हमलोगों को सीसीएल प्रभावित क्षेत्र मे रहने के बावजूद सीसीएल के द्वारा को कोई लाभ मिल रहा है। थक हार कर इस ठंड मे भी बच्चों सहित सभी लोग कुआँ के पानी पी रहे है। ग्रामीणों ने बीडीओ व उपायुक्त महोदय से अविलम्ब सोलर जलमिनार को दुरुस्त करवा पेजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

## एक नजर में

### अनियंत्रित अज्ञात बाइक ने महिला को मारी टक्कर घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर ग्राम के पास एक अनियंत्रित अज्ञात बाइक ने पैदल चल रही महिला भानो देवी 45 वर्ष पति प्रभु प्रजापति झाबर बालूमाथ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के देखरेख में घायल महिला का प्राथमिक उपचार किया गया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के पास खड़ी थी तभी तेल गति से आ रही है अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में किया स्वेटर का वितरण


स्वेटर वितरण करते मुखिया व अन्य।

**बारियातू।** प्रखण्ड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित कटहलटोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन में शनिवार को पंचायत मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा, आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष बिनोद राम व सेविका बबिता देवी ने संयुक्त रूप से 40 नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं को पंसस होजैफा ने बच्चों को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने एंव खान पान के बारे में विशेष जानकारी देने के साथ साथ सरकार द्वारा मिलने वाली पोष्टिक आहार को भी समय समय पर देते हैं। आप सभी आंगनबाड़ी केंद्र से जुडकर रहे। इस दौरान केंद्र से वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। ग्रामीणों से केंद्र के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारें मे जानकारी लिया गया। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित रूप से होने की बात बताया। आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध कराया गया था जिसे पंचायत प्रतिनिधियों के हाथों वितरण कराया गया। मौके पर सहायिका जिसंता कच्छप, दिनेश उरांव, प्रमोद राम, सत्येंद्र उरांव, सुदेश राम, तारा देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, किरण देवी, संजु देवी, सहित कई लोग मौजूद थे।

### शौण्डिक जायसवाल समाज ने पूर्व पंचायत सेवक के निधन पर शोक

**चंदवा।** चंदवा के सरोज नगर स्थित प्रहलाद होटल के सभागार में शौण्डिक जायसवाल समाज के तत्वाधान में शोक सभा का आयोजन किया गया। समाज के वरीय सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण कर स्व नंदू प्रसाद के आत्मा की शांति को लेकर मौन धारण किया है। समाज के सदस्यों ने कहा कि नंदू प्रसाद सरल स्वभाव तथा सामाजिक कार्यों को लेकर जाने जाते थे, हमें आज उनके बताए हुए रास्ते में चलने की आवश्यकता है ।मौके पर रामनाथ गुप्ता, नरेश साहू , महेंद्र साहू , प्रमोद साहू , रामटहल साहू, अमित कुमार, मोहनीष कुमार, अनिल गुप्ता समेत कई वरीय लोग मौजूद थे।

### सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है बरवाडीह का महत्त्वपूर्ण पर्यटन और दर्शनीय स्थल


पलामू किला।

**बरवाडीह।** घूमने फिरने का शोक किसे नहीं होता। हर किसी को अलग-अलग जगहों पर अपना क्वालिटी टाइम स्पेंड करने का मन करता है और जब मौका हो नववर्ष की खुशियों को यादगार बनाने का तो ऐसे में लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में कई ऐसे पिकनिक स्पॉट आपको मिल जाएंगे जहां आने के आबाद आपको वापस जाने का दिल ही नहीं करेगा। इन पिकनिक स्थलो पर आप अपनी पूरी फैमली के साथ पहुंचकर हसीन वादियों का लुत्फ उठा सकते है। वैसे तो बरवाडीह के आसपास अनेकों पर्यटन स्थल है। जिसमें बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय से महज 15 किमी की दूरी पर स्थित बेतला नेशनल पार्क है। यहां हर भरे सुंदरता के कारण लोग बरबस ही यहां खींचे चले आते है। अनेकों प्रकार के जंगली पशु पक्षी यहां की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। यहाँ शीत ऋतु में हजारों पक्षी प्रवास के लिए आते हैं। पक्षी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए यह राष्ट्रीय उद्यान सदैव ही आकर्षण का केन्द्र रहा है। वहीं बेतला नेशनल पार्क से महज चार किमी दूरी पर स्थित कमलदह झील है, जो देखने लायक है, जहां प्राचीन काल के राजा मेदिनीराय की पत्नी अपनी सहेलियों के साथ समय व्यतीत करती थी। इस झील में आपको हजारों की संख्या में खिलते हुए कमल के पौधे देखने को मिलेंगे। लेकिन यह झील काफी खतरनाक भी है, इसलिए आप इसे नजदीक से निहार सकते है। यही नहीं अगर आप यहां जाते हैं तो यहां पर भी सनराइज और सनसेट का नजारा देख सकते है। यह स्पॉट पर्यटकों को खूब लुभाता है।

## टोरी आरओबी व डिग्री कॉलेज पर नही हुआ एक भी काम, गिरा विकास का प्रतीक अभिजीत प्लांट का चिमनी

# चंदवा के लिए चुनौतियों से भरा रहा वर्ष 2023, विकास में छूट गया पीछे

● उच्च स्तर पर रहा अपराध का ग्राफ, अभिजीत प्लांट से चोरी व 10 वर्षीय छात्रा के साथ गैग रेप, डायन भूत के शक में वृद्ध दम्पति की हत्या बना राज्यस्तर पर सुर्खियां

**कमलेश प्रसाद**


गिरता हुआ चिमनी।


फाटक पर लगा जाम।

**चंदवा।** वर्ष 2023 देश दुनिया के लिए तररकी व नई उम्मीद से भरा रहा, एक ओर वर्ष 2023 में भारत चांद पर भी अपना परचम लहराने में सफल रहा, लेकिन ठीक इसके विपरीत चंदवा प्रखण्ड के लिए 2023 का वर्ष चुनौतियों से भरा रहा। कई ऐसे ज्वलंत मुद्दे व समस्या रही जिन पर बात होनी चाहिए थी, काम होना चाहिए था, लेकिन राजनीतिक उदासीनता के कारण मुद्दे ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। इन मुद्दों पर सबसे प्रमुख मुद्दा चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत ज्वलंत समस्याओं में से एक टोरी में आरओबी निर्माण के मुद्दे पर कोई काम नही हुआ। लोगो को उम्मीद थी कि वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है, लोक सभा चुनाव होना है, ऐसे में इस ज्वलंत मुद्दे पर काम होगा, लेकिन केंद्र सरकार, राज्य सरकार, रेल मंत्रालय, एनएचएआई विभाग, सांसद, विधायक एवं जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण शिलान्यास के लगभग ढाई वर्ष बाद भी आरओबी निर्माण के लिए एक ईंट भी नही रखी गयी। हालांकि कई बार मीडिया व सामाजिक कार्यकताओं के प्रयास ने मामला सुर्खियों में भी आया, लेकिन सरकार, प्रशासन, रेल प्रसाशन व एनएचएआई एक दूसरे पर पल्ला झाड़ दिया। पूरे वर्ष में कई बार ब्रिज से प्रभावित हो रहे रैयतों के मुआवजा निर्धारण में त्रुटि, भूमि अधिग्रहण में समस्या व ब्रिज के नक्शे व डिजाइन को लेकर विवाद गरमाया रहा, लेकिन इस पर निदान निकाला जाए इस पर बिल्कुल भी काम नही हुआ। इसके अलावे वर्ष 2023 में चंदवा के विद्यार्थियों के लिए डिग्री कॉलेज का सपना सपना ही रह गया।

### विकास के मुद्दे पर भी लगा रहा ग्रहण

बात की जाए चंदवा प्रखण्ड के विकास के मुद्दे पर तो वर्ष 2023 बुरे सपने जैसा रहा व विकास पर ग्रहण लग गया। लगभग डेढ़ दशक पूर्व चंदवा को औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान देने वाली अभिजीत व एस्सार प्लांट दोनो दिवालिये हो गए। बैंकर्स के दर्ज भुगतान को लेकर दोनो प्लांटों में लगे कल-पुर्जो को नीलाम कर कटिंग काम पूरे जोर शोर से चलता रहा। चंदवावासियों के दिल को उस समय गहरा झटका लगा जब 18 जुलाई को लगभग 850 फिट ऊंची अभिजीत प्लांट के चिमनी को धरासाई कर दिया गया। चिमनी गिरने बाद पूरा इलाका थर्रा गया।

### उच्च स्तर पर रहा आपराधिक ग्राफ

वर्ष 2023 में पूरा साल चंदवा आपराधिक घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहा। वर्ष 2023 में अपराध के ग्राफ की बात करें तो 2022 के मुकाबले इसमें करीब 65-70 मुकदमे ज्यादा दर्ज किया गया। 2023 में अबतक रिकॉर्ड 232 मामले दर्ज हो चुके है। इसमें कई ऐसे क्राइम के मामले रहे जो राज्य स्तर सुर्खियां बटोरी। परिसमापन की परिक्रिया में चल रहे अभिजीत प्लांट से स्क्रैप चोरी या फिर कहें संगठित लूट पूरे वर्ष चचाओं में रहा। कई अधिकारियों के दामन भी इससे दागदार हो गए। वहीं थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत में 15 अप्रैल की रात्रि 10 वर्षीय छात्रा के साथ गैंग रेप की घटना ने लोगो को झकझोर कर रख दिया। इसके अलावे 2 मई की रात्रि उग्रवाद प्रभावित हेसला गांव में वृद्ध दम्पति शिबल गंझू व बवनी देवी की आक्रोशित भींड द्वारा डायन भूत के शक में निर्मम हत्या व बीते 7 नवम्बर को सीएमएम पथ पर चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या सुर्खियों में रही।

# रूस ने यूक्रेन में 122 मिसाइल दागीं और 36 ड्रोन से की बमबारी

## अबतक का सबसे भीषण हमला, 27 की मौत

### अस्पताल, अपार्टमेंट और कई स्कूल नष्ट

एजेंसी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर अबतक क सबसे भीषण हमला में यूक्रेनी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 122 मिसाइल दागीं और 36 ड्रोन से बमबारी की जिसमें कम से कम 27 आम लोग मारे गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि यह 22 महीने से जारी युद्ध में सबसे बड़ा हवाई हमला है। अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार से शुरू हुए रूस के हमले में एक प्रसव कराने वाले अस्पताल, अपार्टमेंट ब्लॉक और कई स्कूल नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि लगभग 18 घंटे तक जारी रहे हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और अनेक लोग मलबे में दब गए तथा 144 अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन के सेना प्रमुख वलेरी जलुजनी ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने रातभर में ज्यादातर मिसाइल और शाहेद ड्रोन को मार गिराया। वायुसेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर लिखा, ह्यह्यह फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण स्तर का युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सबसे बड़ा हवाई हमला है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, पिछला सबसे बड़ा हमला नवंबर 2022 में हुआ था, जब रूस ने यूक्रेन पर 96 मिसाइल दागी थीं। इस वर्ष पहला सबसे बड़ा हमला नौ मार्च को हुआ था, जब रूस ने 81 मिसाइल दागीं।


यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना ने बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल सहित विभिन्न प्रकार के हथियारों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद लगभग हर प्रकार के अस्त्रों का इस्तेमाल किया। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने कहा कि रूस ने पूरे यूक्रेन में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले के लिए स्पष्ट रूप से अपने पास मौजूद सभी चीजों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार से शुरू हुए हमले लगभग 18 घंटे तक जारी रहे, जिनमें राजधानी कीव और पूर्वी एवं पश्चिमी यूक्रेन के क्षेत्रों सहित छह शहरों को निशाना बनाया गया। इस बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि इस बड़े हमले से दुनिया को यूक्रेन के समर्थन में आगे की कार्रवाई के लिए एकजुट होना चाहिए।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक्स पर लिखा, आज लाखों यूक्रेनवासी भीषण विस्फोटों की आवाज सुनकर जाग गए। उन्होंने कहा कि काश, यूक्रेन में हुए विस्फोटों की आवाज पूरी दुनिया में सुनी जा सके।



## एक नजर में

### अनुराग ठाकुर ने जारी किया नया कैलेंडर




**नयी दिल्ली।** भारत सरकार का नये साल का कैलेंडर शनिवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर जारी कर दिया। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने नए साल के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत सरकार ने बहु-प्रतीक्षित 2024 का वार्षिक कैलेंडर लांच किया है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर पिछले 12 महीनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि तारीखें और महीने बदल गए, साल बीत गए लेकिन एक चीज जो नहीं बदली है, वह है काम के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, विकसित भारत का संकल्प। उन्होंने यह भी कहा है कि यही कारण है कि आज देश कहता है भरोसा बराकरार, मोदी सरकार।

### आइजीआई एयरपोर्ट पर कोहरे से 80 उड़ानें प्रभावित

नई दिल्ली । भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से सड़क, रेल और विमान यातायात लगातार प्रभावित हो रहा है । दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर जीरो दृश्यता के कारण करीब 80 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के आधिकारियों के अनुसार, आज सुबह 8.30 बजे तक एयरपोर्ट से जाने वाली करीब 80 फ्लाइट लेट हैं। खराब मौसम की वजह से उड़ानों के परिचालन में दिक्कत आ रही है। उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर की मध्यरात्रि से 28 दिसंबर को सुबह छह बजे के बीच तक खराब मौसम की वजह से कुल 58 उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए थे।

### पाक में आतंकियों ने लड़कियों का स्कूल फूंका



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने लक्की मारवत जिले के बन्नू के कोटका मांबती बराकजई इलाके में लड़कियों के सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला और वहां रखे उपकरणों में आग लगा दी। यह स्कूल मिरयान तहसील में है। प्रयोगशाला और स्टाफ रूम के साथ-साथ फर्नीचर और अन्य वस्तुएं नष्ट हो गईं। आतंकवादी सौर ऊर्जा प्रणाली और अन्य सामान भी अपने साथ ले गए। स्कूल के गेट पर एक धमकी भर पत्र चिपका गए हैं। इसमें स्कूल को खोलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र के सभी स्कूल शीतकालीन अवकाश के कारण बंद हैं।

### चीन ने दो नये परमाणु संयंत्रों को दी मंजूरी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय परिषद ने दो नई परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। परिषद ने देश के परमाणु ऊर्जा उद्योग के नवाचार और विकास के लिए गहन समर्थन का आह्वान किया है। चाइना डेली ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री ली कियांग की अध्यक्षता में चीन के मंत्रिमंडल की कार्यकारी बैठक के हवाले से कहा है कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में शुक्रवार को दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत में ताइपिंग्लिंग परमाणु ऊर्जा परियोजना के साथ-साथ झेजियांग प्रांत में जिंकिमेन परमाणु ऊर्जा परियोजना को मंजूरी दी गई है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों परियोजनाओं को तेज गति से पूरा किया जाएगा। इस बैठक में नए प्रकार के शहरीकरण के लिए जन-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

### इंडोनेशिया में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत आचे में शनिवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी। इससे हालांकि बड़ी लहरें नहीं उठीं और ना ही सुनामी की कोई चेतावनी जारी की गयी। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार आज तड़के 05:19 बजे आए भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप का केन्द्र, आचे जया रीजेंसी की राजधानी कैलांग शहर से 372 किमी दूर और जमीन की सतह से 12 किमी की गहराई में स्थित है। अभी तक इस भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसन की खबर नहीं है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटकों से सुनामी आने के आसार नहीं है।

### इजराइली दूतावास ब्लास्ट मामले में केस दर्ज

**नयी दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के तुगलक रोड थाना क्षेत्रान्तर्गत इजराइली दूतावास के पास 26 दिसंबर को देर शाम हुए संदिग्ध ब्लास्ट की कॉल के मामले में आखिरकार दिल्ली पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। यह एफआईआर तुगलक रोड थाने में दर्ज की गई है। फिलहाल अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। इससे पहले इजराइली दूतावास के पास हुए संदिग्ध ब्लास्ट की कॉल के मामले में दिल्ली पुलिस ने कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की थी लेकिन तीन दिनों तक चली छानबीन और जांच के बाद अब पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस संदिग्ध ब्लास्ट के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अलावा एनआईए भी जांच कर रही है। अभी तक की हुई जांच के बाद पुलिस ने 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिन्होंने ब्लास्ट जैसी आवाज सुनी थी या धुआं जैसा कुछ देखा था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि विस्फोट के दौरान या उससे पहले वहां 12 लोग मौजूद थे, जिसमें से एक शख्स पर ज्यादा शक है, जो ऑटो से इजराइली दूतावास के पास आया था। यह शख्स ब्लास्ट से कुछ समय पहले ही दूसरे ऑटो से वापस भी लौट गया था। जांच करने वाली एजेंसियां उस संदिग्ध की तलाश में जुटी हुई है।

# मोदी ने दो अमृत ट्रेन और छह वंदे भारत ट्रेन का दिया तोहफा

## प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का किया उद्घाटन

▶▶ भव्य मंदिर का अहसास करा रहा अयोध्या का रेलवे स्टेशन

एजेंसी



**अयोध्या ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रेतायुग में तीनों लोकों की राजधानी रही अयोध्या के सैकड़ों वर्षों के धूलधूसरित इतिहास की गर्द हटा कर भगवान राम की नगरी के वैभव को शनिवार को कई गुना बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने अयोध्या को पहली अमृत भारत ट्रेन की सौगात देकर रामलला के भक्तों की राह को भी आसान बना दिया। उन्होंने यहां से देश में विभिन्न हिस्सों में परिचालित होने वाली दो अमृत भारत ट्रेन और 6 वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। रामनगरी की गरिमा के अनुरूप रेलवे ने अयोध्या जंक्शन को विस्तार दिया है। राम मंदिर निर्माण के दृष्टिगत रामनगरी में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अयोध्या जंक्शन के पुराने भवन को नया स्वरूप प्रदान किया गया है। रेलवे स्टेशन भवन को मंदिर के रूप में विकसित किया गया है। आधुनिक सुविधाएं भी सुनिश्चित की गईं हैं। लिफ्ट एवं स्वचालित सीढ़ियां लगी हैं। अयोध्या रेलवे स्टेशन को त्रेतायुग की आभा को प्रदर्शित करने वाले स्थल के रूप में तैयार किया गया है। यह स्टेशन एक भव्य मंदिर का अहसास करवा रहा है। यहां से राम मंदिर की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। क्षमता लगभग 50 हजार यात्रियों की है।

प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत ट्रेनों को रवाना किया उनमें एक दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और दूसरी मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। शुरू की गईं छह नई वंदेभारत ट्रेनों में श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर-बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मेंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस और जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। नगरीय विकास एवं सौन्दर्यीकरण की लगभग 15 हजार 700 करोड़ रुपए की अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11 हजार 100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण का पहला चरण करीब-करीब पूरा होने वाला है और सूर्यनारायण के उत्तरायण होते ही रामलला के नवीन विग्रह की जन्मभूमि के गर्भगृह में स्थापना का अनुष्ठान आरंभ होगा और प्रधानमंत्री के कर कमलों से 22 जनवरी को रामलला के नये विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अयोध्या में आधुनिक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास करना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और शहर के समृद्ध इतिहास और विरासत के अनुरूप नागरिक सुविधाओं को पुनर्जीवित करना है।

पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का पहला चरण 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

### लता मंगेशकर चौक की सुंदरता देख भाव विभोर हुये प्रधानमंत्री

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बाद एयरपोर्ट लौटते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लता मंगेशकर चौक गए। पिछले वर्ष लता मंगेशकर की जयंती पर 28 सितंबर को उन्होंने इसका वर्चुअली उद्घाटन किया था। चौक पर 14 टन वजनी एवं 40 फुट लंबी वीणा लगाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को पहली बार वीणा के पास पहुंचकर भाव-विभोर हो गए। उन्होंने वीणा की अलौकिक छवि का दीदार किया।

### अयोध्या और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए उत्तराखंड की 28 नदियों का जल अयोध्या भेजा

**हरिद्वार।** अयोध्या में भगवान रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भगवान की विग्रह प्रतिमा के अभिषेक हेतु उत्तराखंड की 28 पवित्र नदियों का जल अयोध्या भेजा गया है। गंगा, अलकनंदा, भागीरथी, विष्णु गंगा, मंदाकिनी, यमुना, राम गंगा, गोरी गंगा, काली गंगा, कोसी, पिंडर नदी आदि का जल रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय पूजन विधि में उपयोग किया जाएगा। देवभूमि की पवित्र नदियों के जल से भरा जल कलश विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखंड के प्रांत कार्यालय हरिद्वार लाया गया। प्रांत कार्यालय पर पवित्र जल कलश का विधिवत पूजन अर्चन कर आरती की गई। पवित्र जल कलश को अयोध्या पहुंचाने की जिम्मेदारी एक संक्षिप्त कार्यक्रम में सोहन सिंह सोलंकी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मेरठ क्षेत्र तथा अजय कुमार, प्रांत संगठन मंत्री, उत्तराखंड ने संयुक्त रूप से रंदीप पोखरिया प्रान्त सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखंड को सौंपी। विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सिंह सोलंकी ने बताया कि उत्तराखंड की 28 पवित्र नदियों के पवित्र जल को अयोध्या भेज जा रहा है। रामलला की विग्रह मूर्ति का अभिषेक देश की प्रमुख व पवित्र नदियों और जलस्रोतों से एकत्र जल से किया जाएगा। सभी प्रांतों से 200 ग्राम जल तांबे के बर्तन में धार्मिक अनुष्ठान के बाद रखकर अयोध्या भेजा जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आत्मा को जगाया : शाह

### 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

एजेंसी



**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि वर्षों तक राममंदिर का मुद्दा लटका कर रखा गया। अब 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। काशी कॉरिडोर का भी निर्माण हुआ। यह शुरूआत देश में शुभ संकेत है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें स्थान पर है। प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आत्मा को जगाया है। वर्ष 2046 में जब देश आजादी का 100 वर्ष मनाएगा तब भारत विश्व का श्रेष्ठ देश होगा। मोदी को 2024 में फिर से पीएम बना दें और 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। गृह मंत्री शनिवार को श्री स्वामीनारायण गुरुकुल विश्वविद्या प्रतिष्ठानम में श्री पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव में पहुंचे थे। गृहमंत्री ने स्वामीनारायण संप्रदाय के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वामीनारायण गुरुकुल ने देशभर में अच्छे नागरिक दिए हैं, जिससे देश को लाभ पहुंचा है। ऐसी संस्थाओं ने गुलामी के समय में सनातन धर्म से लोगों को जोड़े रखने का काम किया है।

## मोदी सरकार ने चीन के सामने टेके घुटने : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सीमा पर चीन ने भारतीय शहीदों के स्मारक ध्वस्त कर दिए हैं लेकिन मोदी सरकार शहीदों के अपमान पर चुप्पी साधकर चीन के सामने घुटने टेक दिए हैं। श्री खड़गे ने कहा कि यह घटना दुखद है कि सरकार चीन के मंसूबों के आगे घुटने टेक चुकी है। उन्होंने कहा कि चीन पर लाल आंख तो ली मूँद, अपमानित की वीर जाँबाजों के बलिदान की हर बूँद। उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूत एवं परम वीर चक्र से सम्मानित 1962 रेजांग-ला युद्ध के महानायक, मेजर शैतान सिंह के चुशूल, लद्दाख स्थित मेमोरियल को 2021 में ध्वस्त किये जाने की खबर बेहद पीड़ादायक है। चीन के साथ बातचीत के बाद अब वो भारतीय क्षेत्र, बफर जोन में आ गया है। विदेश मंत्रालय की टिप्पणी इस बारे में कुछ नहीं कहती।



**उज्ज्वला योजना की लाभार्थी के घर चाय पीने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी**

**अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा के घर अचानक पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय भी पी और उनसे बातचीत की। प्रधानमंत्री के मीरा के घर अचानक पहुंचने पर पूरी बस्ती के लोग हैरान रह गए। प्रधानमंत्री के पहुंचने पर पूरा क्षेत्र मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मीरा के हाथों की बनी चाय पी और कहा कि चाय अच्छी है, मगर थोड़ी मीठी हो गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने परिवार व पूरी बस्ती के बारे में हाल-चाल जाना।**

# राजस्थान में 12 कैबिनेट और 10 राज्यमंत्री बने

एजेंसी




**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल शर्मा की 15 दिन पुरानी सरकार में शनिवार को 12 कैबिनेट और 10 राज्यमंत्री शामिल किए गए। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें 16 विधायक पहली बार मंत्री बने हैं। दस राज्यमंत्रियों में पांच मंत्री स्वतंत्र प्रभार के हैं।

सांसद पद छोड़कर विधायक बने किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद 15 दिसंबर को पार्टी विधायक दल के नेता भजनलाल शर्मा ने दो उप मुख्यमंत्रियों के साथ अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मुख्यमंत्री, दो उप मुख्यमंत्री और 22 नए मंत्रियों को मिलाकर मंत्रिपरिषद का आकार अब 25 सदस्यीय हो गया है। राजस्थान की विधानसभा 200 सदस्यीय है। इस लिहाज से मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 30 हो सकती है।

भाजपा ने श्रीगंगानर जिले की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को भी मंत्री बनाया है। राजस्थान का यह पहला मामला है, जब चुनाव के बीच किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो। श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव रद्द हो गए थे। यहां पांच जनवरी को मतदान है।

**कैबिनेट मंत्री :** डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सवाईमाधोपुर, गजेंद्र सिंह खींवसर लोहावट (जोधपुर),

### किरोड़ीलाल मीणा और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ बने कैबिनेट मंत्री

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (झोटवाड़ा), बाबूलाल खराड़ी (झाड़ोल), मदन दिलावर (रामगंजमंडी), जोगाराम पटेल (लूणी), सुरेश सिंह रावत (पुष्कर), अविनाश गहलोत (जैतारण), जोराराम कुमावत (सुमेरपुर), हेमंत मीणा (प्रतापगढ़), कन्हैयालाल चौधरी (मालपुरा), सुमित गोदारा (लूणकरणसर)।

**स्वतंत्र प्रभार :** संजय शर्मा (अलवर शहर), गौतम कुमार दक (बड़ीसादड़ी), झाबर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर), सुरेंद्रपाल सिंह टीटी (श्रीकरणपुर), हीरालाल नागर (सांगोद)।

**राज्यमंत्री :** ओटाराम देवासी (सिरोही), डॉ. मंजू बाघमार (जायल), विजय सिंह चौधरी (नावां), केके विश्नोई (गुढ़ामलानी, जवाहर सिंह (बेढम नगर)।

## 'दुल्हनियां 3' में नजर आएंगे वरुण धवन और आलिया भट्ट



**मुंबई।** बॉलीवुड में कई सुपरहिट फिल्में हैं, जिनके सीक्वल भी काफी चर्चित रहे। मुन्नाभाई एमबीबीएस, दृश्यम, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया उनमें से कुछ हैं। अब नए अपडेट के मुताबिक वरुण धवन और आलिया भट्ट की दुल्हनिया फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट आना निश्चित है। दो फिल्मों हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया की सफलता के बाद दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी वरुण और आलिया एक बार फिर तीसरे पार्ट में नजर आएंगे। निर्माता करण जौहर और निर्देशक शशांक खेतान ने दुल्हनिया 3 की कहानी पर चर्चा की। चर्चा के अंत में एक स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दिया है। यह फिल्म अगले साल 2024 के अंत तक फ्लोर पर आएगी। करण ने कहा कि दुल्हनिया एक सुपरहिट फ्रेंचाइजी है जिसे बहुत प्यार मिला है। यह फिल्म रोमांस और कॉमेडी का मिश्रण है और दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगी। मुझे उम्मीद है कि दुल्हनिया फ्रेंचाइजी आपके लिए एक और दिलचस्प कहानी लेकर आएगी। करण जौहर भी आलिया और वरुण के साथ दुल्हनियां 3 को बनाने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# महिलाओं के लिए निम्न जांच आवश्यक

उम्र बढ़ने के साथ-साथ महिलाओं में सेहत से जुड़ी परेशानियां भी बढ़नी शुरू हो जाती हैं। 30 की उम्र के बाद महिलाओं में ब्लड प्रैशर, शुगर, जोड़ों का दर्द, पाचन क्रिया में गड़बड़ी, सिर में दर्द और शारीरिक कमजोरी आम सुनने को मिलती है। मगर 30 की उम्र के बाद महिलाओं को इसके अलावा भी बहुत-सी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। इसलिए 30-40 की उम्र में महिलाओं को खास हैल्थ चेकअप करवा लेने चाहिए। महिलाओं को यह समझना होगा कि अगर उन्हें अपने परिवार को सुखी देखना है तो पहले उन्हें खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। ऐसे में आज हम आपको कुछ हैल्थ चेकअप बताएंगे, जिसे 30 की उम्र के बाद हर महिला तो जरूर करवाने चाहिए।

**1. थायराइड टेस्ट**

30 की उम्र के बाद महिलाओं को थायराइड का टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। क्योंकि इस उम्र के बाद महिलाओं में यह समस्या आम देखने को मिलती है। अगर आपको भी बिना वजह थकान, मसल्स पेन, भूख बढ़ने या घटने की समस्या हो रही है तो थायराइड टेस्ट के लिए टी3, टी4 और टीएसएच ब्लड टेस्ट करवाएं।

**2. पैप स्मीयर टेस्ट**

आजकल यूट्रस कैंसर और सिंवकल कैंसर का खतरा काफी ज्यादा बढ.गया है। इस वजह से बढ़ती उम्र की हर महिला को पैप स्मीयर टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इससे आप इस तरह के कैंसर का पता लगाकर समय रहते इलाज करवा सकते हैं। 30 की उम्र के बाद महिलाओं को हर दो साल में एक बार पैप स्मीयर टेस्ट जरुर करवाना चाहिए।

**3. विटामिन डी**

महिलाओं को आधी से ज्यादा प्रॉब्लम विटामिन डी की कमी से होती है। विटामिन-डी फैट में घुलने वाले प्रो-हार्मोन्स का एक ग्रुप है, जो आंतों से कैल्शियम को सोखकर हड्डियों में पहुंचाता है। इसलिए 30 की उम्र के बाद महिलाओं के लिए विटामिन-डी का टेस्ट करवाना बेहद जरूरी होता है।

**4. डायबिटीज**

अगर आपने उम्र का 30वां पड़ाव पार कर लिया है तो डायबिटीज और यूरिन टेस्ट करवाना न भूलें। इतना ही नहीं, आपको हर 2 साल में 1 बार ये हैल्थ चेकअप जरूर करवाने चाहिए।

**5. डिप्रैशन टेस्ट**

महिलाएं अपने परिवार और ऑफिस में इस कदर उलझी रहती है कि वह सही तरीके से अपने खान-पान और आराम का ध्यान नहीं रख पाती हैं। इसके कारण उनमें डिप्रैशन की समस्या आम देखने को मिलती है। ऐसे में महिलाओं को स्क्रीनिंग टेस्ट जरूरी करवाना चाहिए। इसमें डॉक्टर कुछ सवाल पूछता है, जिससे महिलाओं का डिप्रैशन कम हो सकता है।

**6. बीएमआई टेस्ट**



30 वर्ष की उम्र के बाद नियमित बीएमआई यानि बॉडी मास इंडेक्स चेक करना बेहद जरूरी होता है। महिलाओं को इस उम्र के बाद साल में कम से कम 1 बार यह टेस्ट जरूर करवाना टाहिए।

**7. ब्लड प्रेशर टेस्ट**

30 की उम्र के बाद बीपी की समस्या हो जाती है। ब्लड प्रेशर के कारण किडनी, हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ. सकता है। इसलिए महीने में एक बार ब्लड प्रैशर चेक जरूर कराएं।

**8. ब्रैस्ट की जांच**

आप ब्रैस्ट के साथ शरीर के कई अंदरूनी हिस्सों की जांच करवा सकती हैं। ब्रैस्ट में किसी भी तरह की बीमारी का पता चल जाए और समय रहते समस्या का समाधान भी किया जाता है। इसलिए यह टेस्ट करवाना न भूलें। इसके अलावा ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए मेमोग्राफी टेस्ट करवाना भी न भूलें।

**9. इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम**

इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट के जरिए आप पता लगा सकती हैं कि आपका दिल स्वस्थ है या नहीं और क्या वह दिल सही तरीके से पंपिंग कर रहा है। अगर ऐसा है तो सही इलाज अपनाकर आप हार्ट डिजीज का खतरा काफी हद तक कम कर सकती है।

**10. रेक्टल एक्जाम**

30 की उम्र के बाद महिलाओं को रेक्टल एक्जाम यानि लीवर का टेस्ट भी जरुर कराना चाहिए। महिलाओं में रेक्टल इंजरी, कैंसर और बवासीर जैसी समस्याएं होने का खतरा 30 की उम्र के बाद बढ. जाता है। ऐसे में यह टेस्ट करवाकर आप समय पर इलाज कर सकती हैं।

**11. एसटीडी स्क्रिनिंग**

असुरक्षित यौन संबंध बनाने पर संक्रमण का खतरा हो सकता है। यौन संक्रमित बीमारियों के कारण गोनोरिया, पेल्विक इंफ्लेमेंट्री डिजीज हो सकती है जिससे सिंवक कैंसर हो सकता है। इसलिए हर 6 महीने में महिलाओं के लिए एसटीडी स्क्रिनिंग जरुरी होती है।

**12. कोलेस्ट्रोल और हीमोग्लोबिन टेस्ट**

यूं तो यह बात हम सभी जानते हैं कि महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। इसके साथ ही उनमें कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का खतरा भी ज्यादा होता है। ऐसे में इस उम्र के बाद यह दोनों चेकअप करवा लेने में ही समझदारी है। ये टेस्ट करवाकर आप अपनी डाइट को नियंत्रित कर सकती हैं।

# 2024 का संकल्प राहतकारी मौसमी खान-पान और मौसम की खुराक




अभय कुमार जैन

सर्दियों में खांसी ,जुकाम जैसी बीमारियों की बढ़ोतरी हो जाती है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों का मानना है कि इस मौसम में ठंड से बचने के लिए खुराक में कुछ गर्म व मौसमी पदार्थ शामिल करने चाहिये। मसलन, शहद व गुड़ का सेवन लाभकारी है। वहीं लोंग, तुलसी, काली मिर्च और अदरक से बनी चाय समेत कुछ अनाज, मेवे व उनसे बने लड्डू-पंजीरी आदि गर्माहट प्रदान करते हैं।

**शहद का सेवन**

जाड़े के मौसम में शहद का सेवन करने से शरीर को कई रोगों से दूर रखा जा सकता है। जुकाम-खांसी होने पर रात को सोने से पहले एक गिलास दूध में एक चम्मच शहद मिलाकर पीना राहत देता है।

**रोजाना गुड़ की डली**

प्राकृतिक मिठाई गुड़ इस मौसम में बनना शुरू हो जाता है। गुड़ में मध्यम मात्रा में कैल्शियम, फॉस्फोरस व जस्ता पाया जाता है। इसका रोजाना सेवन रक्त व इम्युनिटी पॉवर बढ़ाता है। खासकर अस्थमा के रोगियों को गुड़ का सेवन करना चाहिए। खाना खाने के पश्चात गुड़ की डाली खाने से पाचन ठीक होता है।

**बाजरे-रागी के लाभ**

सर्दी में बाजरे की रोटी खाने से शरीर को गर्माहट मिलती है। बाजरे की रोटी में प्रोटीन, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर व एंटी ऑक्साइड शरीर के लिए अच्छे रहते हैं। बाजरे की रोटी के साथ घी व गुड़ का सेवन करना चाहिए। वहीं रागी का सेवन करने से डायबिटीज, एनीमिया, इंसोमेनिया और डिप्रेशन में फायदा मिलता है।

**घी की तरावट**

सर्दियों में रोजाना एक चम्मच घी आपको गर्म व स्वस्थ रखने में मदद करता है। घी विटामिन ए का अच्छा स्रोत माना जाता है जो आपको कई बीमारियों से बचाने में सहायक है।

**खजूर का सेवन**

ठंड में खजूर के सेवन से सर्दी खांसी जुकाम का असर समाप्त हो जाता है। यह ऊर्जा प्रदान करने वाला फल है। आयुर्वेदिक दृष्टि से खजूर पौष्टिक, शीतल क्षय नाशक है। सुबह या शाम गर्म दूध के साथ इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। खजूर में मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करता है जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम रहता है।

**जाड़े में सिंघाड़े**

सिंघाड़ा जाड़े का फल इसमें विटामिन ए, सी, आयोडीन, फास्फोरस और प्रोटीन होता है। टांसिल्स की दिक्कत में आराम मिलता है। इसके आटे को दूध के साथ लेने से गले संबंधी तकलीफ में आराम मिलता है।

**सब्जियों व फलों का सेवन**

जाड़े के मौसम में पालक, मेथी, मूली, गाजर, टमाटर व अमरूद, संतरा, सेब व आंवला आदि बाजार में आते हैं। अतः इनका भरपूर मात्रा में प्रयोग करें, सलाद खाएं। काली मिर्च, अदरक डालकर सूप पीना चाहिये। वेजिटेबल सूप में एंटी एक्सीडेंट काफी होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। अमरूद में प्रचुर मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। आंवला भी इस मौसम में भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो त्रिदोष हर माना जाता है।

**सूखे मेवे**

बादाम व अखरोट खाने से इस मौसम में शरीर को गरमाहट व ताकत मिलती है। सर्दियों में इनको दरदरा पीसकर मुनक्का व किशमिश आदि डालकर पंजारी बनाने की खास रिवायत रही है।

**लहसुन व कच्ची हल्दी**

जिनके शरीर में खून की कमी हो उन्हें लहसुन का सेवन अवश्य करना चाहिए। वहीं रोस्टेड लहसुन का सेवन करने से शरीर को गर्मी मिलती है। ऐसे ही रात में दूध में कच्ची हल्दी उबाल कर पियें।

**लौंग**

लौंग का सेवन शरीर में सफेद रक्त कणिकाएं बनाने में मदद करता है, जिससे रोग प्रतिरोधी क्षमता मजबूत होती है।

**तुलसी व अदरक**

श्वास संबंधी दिक्कतों के उपचार में तुलसी की पत्तियां काफी उपयोगी हैं। यह कफ को दूर कर करती है। वहीं पेट की समस्या हो या गले की, अदरक इन समस्याओं को दूर करने के लिए कारगर भूमिका निभाता है। अदरक में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो गले की सूजन को दूर करता है।

**परहेज भी करें**

वहीं सर्द मौसम में कुछ ठंडी चीजों से परहेज भी जरूरी है। वहीं स्टहैपी फामेर्सी के मैनेजिंग डायरेक्टर डाक्टर सुजित पाल? बताते हैं कि इस समय नमक का सेवन कम मात्रा करें क्योंकि ज्यादा नमक से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# स्वाइन फ्लू से बचाये बेहतर आहार

**स्वाइन फ्लू** से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इस बार यह रोग ज्यादा ही डरा रहा है। यह स्वाइन फ्लू है क्या और इससे खुद को बचाया कैसे जा सकता है? स्वाइन फ्लू एक वायरल संक्रमण है। इसकी चपेट में यूं तो कोई भी आ सकता है, लेकिन शरीर का इम्यून सिस्टम यानी प्रतिरक्षी तंत्र कमजोर होने पर इसकी जद में आने की संभावना बढ.जाती है। वहीं, शरीर की इम्युनिटी को सुधार लिया जाये, तो इस रोग से बचा जा सकता है। अच्छी खबर यह है कि अपने खान-पान में सामान्य-से बदलाव करके हम ऐसा कर सकते हैं।

इम्यून सिस्टम हमारे शरीर की ढाल की तरह है जो लाखों विषैले तत्वों, विषाणुओं, जीवाणुओं और तमाम सूक्ष्म कीटाणुओं से हमें बचाने में जुटी रहती है। तमाम रोगाणुओं से लड़ने के लिए हमारे इम्यून सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। यदि यह सुरक्षा चक्र कमजोर होकर टूटने लगे, तो हम बार-बार बीमार पड़ने लगेंगे।

शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' का स्तर बढ़ने और 'एंटी ऑक्सीडेंट्स' का स्तर घटने पर इम्युनिटी यानी रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। फ्री रेडिकल्स कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स जरूरी हैं। सबसे आम एंटीऑक्सीडेंट हैं- विटामिन सी, ई, ए, बीटाकैरोटीन और बायोफ्लेवनॉयड्स। सभी



एंटीऑसीडेंट्स और कॉपर, जिंक, मैंगनीज.व सेलेनियम जैसे जरूरी खनिजों का निर्माण हमारा शरीर खुद नहीं कर सकता। इसके लिए सही खान-पान जरूरी है।

**ऐसे बढ़ायें रोगों से लड़ने की ताकत**

एइम्यून सिस्टम की सेहत के लिए पोषण के साथ-साथ व्यायाम भी जरूरी है। नियमित व्यायाम करने से खून का संचार सही बना रहता है और अंदरूनी अंगों को अच्छे-से काम करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही जरूरी है आराम। अच्छी नींद हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम को तरो-ताजा रखने के लिए बेहद अहम है। तो, अच्छा खायें, रोज व्यायाम करें, समय पर सोयें और साफ-सफाई का ध्यान रखें। स्वाइन फ्लू पास नहीं आएगा।

**प्रोटीन पर जोर दें :** मजबूत इम्यून सिस्टम के लिए आहार में प्रोटीन शामिल करना बेहद जरूरी है। बीमारी से लड़ने वाले अणु प्रोटीन से ही बनते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, मेवे और सोय उत्पाद लें।

**संतरी और हरा आहार :** आम, गाजर, कद्दू जैसे मौसम के सभी फल व सब्जियां आहार में जरूर शामिल करें। खासकर, संतरी और हरे रंग की। इनमें विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन का स्तर काफी ज्यादा होता है। ये एंटीऑक्सीडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स और विषैले तत्वों को कम करने में मदद करते हैं।

**अच्छा फैट :** ओमेगा 3 और 6 जैसे जरूरी फैटी एसिड हमारे लिए जरूरी होते हैं। यह मछली और अलसी के तेल में पाये जाते हैं।

**विटामिन-सी :** यह कई फलों से मिलता है। विटामिन-सी से भरपूर आहार संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह विटामिन-ई के बनने में मदद करता है, जो संक्रमण के दौरान होने वाले नुकसान से बचाता है।

**जिक की मात्रा बढायें :** जिक हमारे शरीर में संक्रमण से लड़ने वाले एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। यह शरीर में वायरस को फैलने से भी रोकता है।

**विटामिन-डी भी करें शामिल :** विटामिन-डी हमारे शरीर को फ्लू से बचाने के लिए एक खास तरह का तत्व बनाने में मदद करता है, जिसे एंटीबैक्टीरियल पेप्टाइड कहते हैं।

# हाई ब्लड प्रेशर,कुछ बिंदुओं का रखें ख्याल



ब्लड प्रेशर के मरीजों को हमेशा अन्य बीमारियों का डर बना रहता है। ऐसे में इस बीमारी से जितना बचा जाए उतना अच्छा है, लेकिन यह बीमारी ऐसी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते। ऐसे में अक्सर इलाज न मिलने से मरीज को हार्ट अटैक, गुर्दे फेल जैसी जटिलताओं से गुजरना पड़ता है । कहा जा सकता है कि हाई ब्लड प्रेशर अन्य बीमारियों का संरक्षक होता है।


आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या बन गई है, जो किसी भी इंसान को किसी भी उम्र में हो सकता है। चिकित्सकों की मानें तो थोड़ी सावधानी बरतें तो इस बीमारी को आसानी से पीछे छोड़ा जा सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान :** सिरदर्द, थकान, घबराहट, बेचैनी, आंखों के सामने धुंधलापन छाना, चेहरे पर सूजन व लाली तथा अनिद्रा। यदि ऐसे लक्षण पाए जाएं तो जल्दी ही अपने डॉक्टर से संपर्क करें। हाई ब्लड प्रेशर से बचाव के लिए स्वस्थ्य जीवनशैल अपनाएं, जिसमें अधिक स्वास्थ्यप्रद आहार लें, धूम्रपान को त्यागें, शारीरिक तौर पर सक्रिय बने रहें, स्वस्थ्य शारीरिक वजन बनाए रखें, तनाव को प्रबंधित करें।

**नियमित कराएं जांच :** डॉक्टर अशोक गुप्ता बतातें हैं उच्च रक्तचाप के रोगियों में से चौथाई से लेकर तिहाई लोगों को ही यह जानकारी होती है कि उन्हें यह रोग है, और उच्च रक्तचाप के रोगियों में से केवल पांच में से एक ही रोगी उपचार ले रहा होता है। ऐसे में आगे चलकर मरीज को अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ता है। सभी वयस्क लोगों को डॉक्टर के पास रूटीन मुलाकातों पर अपने बीपी की जांच करानी चाहिए।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि हाइपरटेंशन दुनिया भर में असामयिक मौतों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण काराणों में से है, जो हर साल करीब 94 लाख लोगों की जान ले लेता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 25 साल से अधिक उम्र के लोगों में से हर तीन में से एक व्यक्ति उच्च रक्तचाप से प्रभावित है।

# ज्यादा नमक के हार्ट फेल होने का खतरा




नमक ज्यादा खाने से हार्ट फेल होने का खतरा दोगुना हो जाता है। यह चेतावनी 12 साल तक किए गये एक शोध के नतीजों में दी गयी है। फिनलैंड के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर के शोधकर्ताओं के मुताबिक रोज 13.7 ग्राम से ज्यादा नमक खाना दिल पर बेहद भारी पड़ सकता है। ऐसे लोगों में रोज 6.8 ग्राम तक नमक खाने वालों के मुकाबले हार्ट फेल होने का खतरा दोगुना तक बढ. जाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक ज्यादा नमक व सोडियम उच्च रक्तचात का बड़ा कारण बन रहा है। इसके साथ ही दिल की बीमारी 'कॉर्नरी हार्ट डिजीज.' (सीएचडी) और स्ट्रोक की आशंका बढती है। इन नतीजों पर पहुंचने के लिए 25 से 64 साल तक उम्र के करीब 5 हजार महिलाओं, पुरुषों पर अध्ययन किया गया। करीब 12 साल तक उनके स्वास्थ्य, खानपान जैसी कई बातों का लेखा-जोखा रखा गया। नतीजों में यही पाया गया कि ज्यादा नमक मायने, दिल के लिए ज्यादा खतरा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दिन में 5 ग्राम से ज्यादा नमक नहीं खाना चाहिये। हालांकि, शरीर को रोज महज 2 से 3 ग्राम नमक की जरूरत होती है।

# प्रियंका कैसे करती है वजन पर कंट्रोल और रहती है फिट

बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने वाली प्रियंका चोपड़ा आज अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। भले ही प्रियंका की उम्र बड़ी हो लेकिन उनकी 'फिट बॉडी' और 'फिगर' को देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना काफी मुश्किल हैं। ऐसे में हर लड़की प्रियंका की परफैक्ट 'फिगर शेप' और 'फिट बॉडी' का राज जानना चाहती हैं। आपको बता दें कि प्रियंका अपनी फिट बॉडी का राज 'हैल्दी डाइट' को बताती हैं। अगर आप भी प्रियंका के फिटनेस सीक्रेट जानना चाहती हैं और उन्हीं की तरह 'बॉडी शेप' पाना चाहती है तो आज हम आपको बताएंगे कि प्रियंका की 'हैल्दी डाइट' क्या हैं और वह खुद को फिट रखने के लिए और क्या-क्या करती हैं।

प्रियंका का कहना है, 'मैं अपनी डाइट में ऑयली या ऐसी कोई चीज नहीं शामिल करती जिससे बेवजह का वजन बढ. जाए।' इसके अलावा प्रियंका चपाती, सब्जियां, सूप, सलाद, थोड़ी मात्रा में चावल और ढेर सारे फलों का





सेवन करती हैं। इनसे एक तो शरीर को सभी पोषक तत्व मिलते है दूसरा वजन भी कंट्रोल में रहता हैं।

1. प्रियंका अपनी डाइट को लेकर बिल्कुल भी लापरवाह नहीं हैं। वह हर 2 घंटे के बाद कुछ न कुछ खाती रहती हैं।

2. प्रियंका नारियल पानी को अपनी डाइट में शामिल करती है क्योंकि यह शरीर को हाइड्रेटऔर कई हैल्थ प्रॉबल्म से बचाने के साथ-साथ चेहरे पर ग्लो बनाए रखता हैं।

3. वह अपने दिन की शुरूआत नाश्ते में 2 अंडे और बिना फैट वाले दूध से करती हैं।

4. लंच में प्रियंका दाल के साथ सब्जी, 2 रोटी और सलाद खाती हैं। इससे उनका पेट भरा रहता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती हैं।

5. शाम को प्रियंका अपनी डाइट में अंकुरित चने जरूर शामिल करती हैं क्योंकि इन्हें खाने से कई हैल्थ प्रॉबल्म दूर रहती हैं।

6. अगर बात डिनर की करें तो वह सूप , चिकन या मछली खाना पसंद करती हैं।

प्रियंका की वीकेंड डाइट

प्रियंका अपनी 'स्ट्रिक्ट डाइट' से थोड़ा-सा ब्रेक लेकर वीकेंड पर केक, चॉकलेट या फिर तंदूरी चीजें खाना पसंद करती हैं। प्रियंका का कहना है कि स्ट्रिक्ट डाइट से थोड़ा ब्रे लेकर अपनी मनपसंद चीजें खाना भी जरूरी हैं। आप हफ्ते में किसी भी एक दिन इन चीजों का सेवन कर सकते हैं।

प्रियंका की स्लिम फिगर का राज वर्कआउट

बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका अपने 'स्ट्रिक्ट डाइट' प्लान के साथ वर्कआउट भी खूब करती हैं, जिसके वीडियो भी वह अपने सोशल अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। अगर आप भी प्रियंका की तरह 'स्लिम फिगर' चाहती है तो प्रियंका के कुछ 'सीक्रेट्स वर्कआउट' फॉलो कर सकती हैं।

प्रियंका फिट रहने के लिए हफ्ते में 4 बार एक घंटे जिम में वर्कआउट करके अपना पसीना बहाती हैं। पहले प्रियंका जिम में 15 मिनट ट्रेडमिल पर दौड़ लगाकर खुद को वार्म अप करती हैं। शरीर को वार्मअप करने के बाद प्रियंका पुशअप्स करती हैं।

प्रियंका एक्सरसाइज में 20 से 25 बैंच जंप लगाती है और 20-25 रिवर्स क्रंचेज करती हैं। इसके अलावा प्रियंका शरीर को फिट और मन को शांत रखने के लिए योग का भी सहारा लेती है जो उनकी रूटीन लाइफ का ही हिस्सा बन चुका है।